श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक): रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते म्यूरेट ऑफ पोटाश (एमओपी), डाई अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और यूरिया समेत तमाम उर्वरकों और इनके कच्चे माल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो रही है. उर्वरकों के मामले में, और खासतौर से एमओपी के मामले में भारत की रूस और बेलारूस पर निर्भरता काफी अधिक है. इन दोनों देशों से भारत अपनी जरूरत का करीब 46 फीसदी एमओपी का आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर किसानों के लिए एमओपी की कीमत 45 हजार से 48 हजार रुपये प्रति टन है। ऐसे में किसानों को उचित कीमत पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सब्सिडी में भारी बढ़ोतरी करनी पड़ेगी, अन्यथा कीमतें काफी बढ़ जाएंगी। किसानों को इसके कारण नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

सरकार ने आगामी वित्त वर्ष (2022-23) के बजट में उर्वरक सब्सिडी के प्रावधानों में कटौती की है जो कि मौजूदा परिस्थितियां के बिल्कुल विपरीत हैं। किसानों के लिए डीएपी समेत कुछ विनियंत्रित उर्वरक महंगे होने की संभावना बढ़ गई है। अतः सरकार इसका संज्ञान ले और इसके कारण किसानों को जो परेशानी होने की आशंका है, समय रहते हुए उसका निराकरण करें।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे विभिन्न मुद्दों पर निम्नलिखित सदस्यों द्वारा स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं - श्री टी. एन. प्रथापन, श्री बी. मणिक्कम टैगोर, श्री बैन्नी बेहनन, कुमारी राम्या हरिदास, श्री कोडिकुन्नील सुरेश, श्री नामा नागेश्वर राव, मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना की अनुमति प्रदान नहीं की है।

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): Sir, the prices of petrol and diesel were hiked for the third time in a week yesterday. We do not know how many more hikes await the people of India, and the people of India have just returned from Omicron induced lockdown. They want an environment where they can do their business, but all these price hikes increase the cost of business, especially of transportation, and this will lead to inflation. Inflation is already at seven per cent. The prices of all commodities will be increasing. So, we want this Government to give a reply why for 137 days they managed to keep the prices stable, and now after the elections are over, they are increasing the prices. … (*Interruptions*) So, we want the status quo to be maintained … (*Interruptions*). If for 137 days they could keep the price stable, why can they not do it now when the country is reeling under inflation … (*Interruptions*). They are just coming under COVID. … (*Interruptions*). We want the Government to give us a specific reply on this issue. … (*Interruptions*).

माननीय अध्यक्ष : निशिकांत दुबे।

… (<u>व्यवधान</u>)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): माननीय अध्यक्ष महोदय, आज मेरे यहां रात दो बजे एक बड़ी घटना घट गई। हमारे साहिबगंज, संथाल परगना में जो गंगा नदी है, वहां एक जहाज में 18 ट्रक डूब गए।...(व्यवधान) सदन में यह विषय उठाने का कारण है कि वहां लगभग 100 लोग मर ही नहीं गए, बल्कि वह ट्रक इल्लीगल चल रहा है, वह जहाज इल्लीगल चल रहा था।...(व्यवधान)

12.24 hrs

At this stage, Shri Manish Tewari, Shri T.R. Baalu and some other hon. Members left the House.

उस जहाज को चलाने के लिए नियम है कि सनसेट और सनराइज के बीच में वह ट्रक नहीं चलेगा, वह जहाज नहीं चलेगा। वहां के जो मुख्य मंत्री हैं, मुख्य मंत्री जी उस कंपनी के पार्टनर है, उनके पीए उसकी ...* कर रहे हैं और इस कारण से यह इल्लीगल ऐक्टिविटी चलती है। जो बालू है, जो गिट्टी है, लोगों की हत्या हो रही है। इसके बारे में मेरा आपसे आग्रह है, चूंकि वहाँ मुख्यमंत्री खुद रोजगार कर रहे हैं और यह कांस्टिट्यूशन के खिलाफ है।... (व्यवधान) उनकी सरकार को बर्खास्त किया जाए और इसकी सीबीआई से इंक्वायरी करवाई जाए कि किस आधार पर ये सौ लोग मर गए, क्योंकि वे गरीब लोग हैं और गरीबों की रक्षा करना संवैधानिक हक़ है और इस पार्लियामेंट का हक़ है।... (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से यही इस बात इस देश को बताना चाहता हूँ।

SHRIMATI LOCKET CHATTERJEE (HOOGHLY): Thank you respected Speaker Sir, few days back a ghastly, barbaric incident took place in Birbhum's Rampurhat. About 10-15 women and children were locked inside their homes and the houses were set on fire. Women were charred to death. Chief Minister of the state visited the place yesterday and she is trying to gag people's mouth

* Not recorded.

by paying money so that they do not speak out, so that the truth is never revealed. People of the state had demanded CBI probe, and I thank Honourable High Court because the order of CBI inquiry has been passed by High Court today. I would request Chief Minister of Bengal that she should not challenge this verdict in the Supreme Court. People's money should not be wasted in challenging the CBI probe in Supreme Court. Thank you Sir.

12.28 hrs

SUBMISSION BY MEMBER

Re: Alleged misbehaviour with the Member by Maharashtra Police

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे एक गुहार लगाना चाहती हूँ।... (व्यवधान) इस सभागृह की सदस्य होने के नाते मैं आपसे ही न्याय की गुहार लगा सकती हूँ।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी बात संक्षेप में कहें।

... (व्यवधान)

श्रीमती नवनित रवि राणा : सर, इस सभा की सदस्या होने के नाते मैं आपको बताना चाहती हूँ कि हमारे साथ महाराष्ट्र में कैसा व्यवहार होता है कि जब हमने किसानों के हित में आन्दोलन किया। हमने कोई क्राइम नहीं किया, लेकिन हमें पुलिस की गाड़ी में एक क्रिमिनल की तरह बिठाकर कमिश्नर के ऑफिस में ले जाया गया और वहाँ सीढ़ियों पर बाहर बिठाकर हमारी बेईज्जती की गई, मेरी इंसल्ट की गयी, मुझसे बदतमीजी से बात की गई। ऐसा महाराष्ट्र में हो रहा है।... (व्यवधान)

16 जनवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज का पुतला बिठाने के बाद आधी रात को शिवाजी महाराज का पुतला हटाया जाता है और जबरन सौ से डेढ़ सौ पुलिसकर्मी हमारे घर में आते हैं। मेरे घर मेरे बुज़ुर्ग माता-पिता रहते हैं। मेरे छोटे बच्चों के सामने पुलिस वाले कहते हैं कि हमें ऊपर से आदेश आया है। अगर तुमने हमारी बात नहीं सुनी, तो तुम्हें यहाँ से घसीटकर जेल में डाला जाएगा।... (व्यवधान) जो लोग हमारे साथ जुड़े हैं, उनके ऊपर अत्याचार करके धारा 307 लगाई गई। विधायक रवि राणा के दिल्ली में रहने के बावजूद उन पर धारा 307 लगायी गयी। मैंने दो दिन पहले एक सीनियर कुलीग द्वारा आरती सिंह का पक्ष लेते हुए सुना। उसकी तारीफ सुनाई दी, कहा गया था कि उसका कोई केस दिल्ली में आया है। अगर वे एक महिला का पक्ष ले सकते हैं, तो मैं भी एक महिला हूँ और यहाँ की सदस्य भी हूँ, उसके नाते मैं आपसे विनती करती हूँ कि उस पर

कार्रवाई की जाए।... (व्यवधान) इस पेन ड्राइव में सारी चीजें हैं, सारे फोटोज हैं, इसे आप देख सकते हैं। मुझे जिस तरह से गाड़ी में बिठाकर कमिश्नर के ऑफिस ले जाया गया, उस सीपी पर कार्रवाई होनी चाहिए। सीबीआई द्वारा इस मामले पर कार्रवाई की जानी चाहिए।... (व्यवधान)

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Speaker, Sir, I would like to draw the attention of the hon. Education Minister, through you, about the new Kendriya Vidyalaya in my Constituency Kottarakkara, Kollam District. ... (*Interruptions*) The Government of Kerala has already transferred five acres of land to the Kendriya Vidyalaya Sangathan and the temporary accommodation has also been handed over to the Kendriya Vidyalaya. ... (*Interruptions*) The Regional Commissioner of Kendriya Vidyalaya has also inspected it along with the Central PWD officials. Every process is completed, but the Government of India has not sanctioned the project. ... (*Interruptions*)

12.29 hrs

At this stage, Shrimati Navneet Ravi Rana came and sat on the floor near the Table.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, कृपया आप अपनी सीट पर जाइए।

... (व्यवधान)

SHRI KODIKUNNIL SURESH: The people of my Constituency are waiting for this Kendriya Vidyalaya for the last ten years. ... (*Interruptions*) I would like to request the hon. Minister, through you, that this Kendriya Vidyalaya must be made operational immediately. ... (*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): Whatever issue the hon.

Member has raised, we will bring it to the notice of the Ministry concerned. … (*Interruptions*) Kindly let her take her seat. … (*Interruptions*)

SHRI KODIKUNNIL SURESH: What about other issues? … (*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI : I am talking about her now. … (*Interruptions*)

SHRI KODIKUNNIL SURESH: Shri Gaurav Gogoi had also raised the issue of price rise. … (*Interruptions*)

SHRI PRALHAD JOSHI : I would request her to kindly cooperate. … (*Interruptions*) I will bring it to the notice of the Ministry concerned. … (*Interruptions*)

SHRI KODIKUNNIL SURESH: He has also raised a very important issue. … (*Interruptions*) Why are you not responding to it? … (*Interruptions*)

———————

माननीय अध्यक्ष : आइटम 16, वित्त विधेयक, 2022

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, क्या आप कुछ बोलना चाहती हैं?

12.30 hrs

FINANCE BILL, 2022

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I beg to move* :

"That the Bill to give effect to the financial proposals of the Central Government for the financial year 2022-23 be taken into consideration."

HON. SPEAKER: Motion moved:

"That the Bill to give effect to the financial proposals of the Central Government for the financial year 2022-23 be taken into consideration."

… (*Interruptions*)

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा) : सर, माननीय सदस्या बैठी हुई हैं। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ठीक है न, आपको माननीय सदस्या की पैरवी के लिए थोड़ी ही न कहा है। यह गलत है, आप सीनियर मंत्री हैं, ऐसी बात मत कीजिए।

… (व्यवधान)

12.30 ½ hrs

At this stage, Shrimati Navneet Ravi Rana went back to her seat.

---

* Moved with the recommendation of the President.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : श्री गौरव गोगोई जी।

… (व्यवधान)

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): Thank you, hon. Speaker, Sir, I rise to speak on the Finance Bill 2022, which is a Money Bill, in which there are sections which are related to direct tax, indirect tax, customs duties. But before I speak on these, we must understand the context in which we are today.

12.31 hrs (Shri N. K. Premachandran *in the Chair*)

Today, after repeated COVID-induced lockdowns, the country is recovering but the recovery is unequal. The gap between the poor and the rich has only increased. The gap between the haves and have-nots has increased. The Government promised a V-shape recovery but instead we are seeing a K-shaped recovery.

This is extremely disappointing and is of extreme concern because already we had seen that the inequality in this country is increasing. Today, the top ten per cent earn 20 times more than the bottom 50 per cent. While the top ten per cent and the top one per cent hold respectively 57 per cent and 22 per cent of the total national income, the bottom 50 per cent's share has gone down to 13 per cent. … (*Interruptions*)

There are enough examples in world history where countries are experiencing inflation, witnessing record unemployment and are seeing record inequality. It creates a lot of frustration and anxiety among the people,

especially among the young people. Therefore, we must have that concern foremost on our mind. In terms of our economic outlook, in terms of social justice, are we on a strong bearing or whether our foundation is crumbling slowly and slowly? Crumbling under what? Crumbling under the weight of jingoism because jingoism is the only answer and the antidote that this Government is giving to the people of India. There is record unemployment, but don't worry, our supreme leader is there. Prices are rising, jingoism is the only antidote that this Government is offering to the poor. Whether there is record unemployment, whether there is high inequality, whether there is inflation, people are expected to put all their faith in their leader despite the fact that their backs are crumbling under this economic pressure. We just mentioned earlier that the fuel prices are being increased for the third time in one week.

This is the country which has just emerged out of the third lockdown; they need the chance to breathe, they need the chance to conduct their businesses in a free and fair atmosphere, not always under the burden of high inflation and high fuel prices. It is a bit ironic as to the answer that this Government or its ecosystem or its spokespersons are giving on fuel prices. They are saying that the rise in fuel prices have to or bound to happen. Why? It is because there is a conflict in Ukraine.

Sir, I remember, when the hon. Prime Minister, Modi ji, spoke during the last speech that he made, he referred to Pandit Nehru saying, "can you imagine that Pandit Nehru once blamed the international conflict happening in a different part of the world for the economic problems of India" and he smirked

when he made that remark. Now, what is happening today? Is the hon. Prime Minister Modi not making the same argument today that because of Ukraine, we have no choice but to increase the fuel prices?

There are two counters. The Ukraine conflict did not happen last week or three days ago. The conflict between Ukraine, U.S., European Union and Russia has been going on since December. Russian troops were on the border of Ukraine since December. It has been more than a month since military escalation has happened. For a month, the Government could keep the prices stable. What has changed now? What has changed! For one last month, since the beginning of the conflict, since the beginning of Russian troops coming to the Ukraine's border, since the beginning of the bombardment, since the beginning of Ukrainian refugees fleeing to different parts of Europe, you had not increased the prices. Why now? Is it just because elections are over? That is how you repay the people who put their faith in you. I congratulate you on this stupendous victory but that does not mean that you take people's vote for granted. That does not mean that you get a remit to continuously put more and more burden on the poor, middle class and unemployed people. Sir, therefore, I feel that while we talk about the Finance Bill and the taxes, they are extremely important. We must talk about it.

Now, I do not want to be only critical of this Government. There are certain measures in the Finance Bill which we welcome. They have given tax exemption for amounts related to COVID-19 and medical treatment.

We welcome that. They have said that they have identified under Section 37 that the IT Act allows for certain expenditure which is incurred for the purposes of business except where the expenditure is incurred for purposes that qualifies as an offence or is prohibited by law. Now, in this Finance Bill, they have ensured that the expenditure incurred on travel, hospitality and conferences will no longer be exempted. They will also be taxed. That is a welcome step. There might be resistance from the pharmaceutical industry but I hope that the Government in its sagacity will manage to tackle the pharmaceutical industry because we all know there are a lot of examples in the world that how big pharma companies push certain procedures and certain medicines through doctors and in the end, the financial burden comes on the poor. So, there is enough evidence and I welcome this step.

At the same time, there are certain steps which need more clarity. On, virtual digital assets, they have introduced a tax of 30 per cent. At the same time, while this measure is intended to disincentivise and discourage people from trading, occupying or holding cryptocurrencies or NFTs, the Government still is sending out mixed signals. The Government should send out a very clear signal. How are you going to define crypto? Is it an asset? Is it a currency? Is it something that can be speculative? We are waiting for the legislation and for the clarity to come. Why it is important for the clarity to come sooner rather than later because so many people in India are trading in cryptocurrencies. So many exchanges have been set up and, normally, when there is an IT technology-based change that takes place, we welcome it and Indians are the

first to welcome it, adopt and innovate it and they put an Indian context to it. Therefore, already, there are record volumes of crypto-based transactions. Already, a lot of young IT engineers are involved in this.

While the Government is inputting a 30 per cent tax, while they are coming out with further and further clarifications that the losses cannot be offset, I appeal to the Government to have two approaches in mind. One approach should be that if they want to treat crypto as a sin, if they want to have a high tax on it, and if they want to eventually ban it, then they should be specific and have that. However, they should bear in mind that a lot of people would indulge in crypto and indulge in these operations in the darkness and all of these operations will go underground.

HON. CHAIRPERSON: Gaurav ji, are you supporting crypto currency?

SHRI GAURAV GOGOI: No, I am asking the Government to be clear, to have a clear approach, to have clarity. And I am asking them to come out with a policy sooner than later. At the same time, I hope the Government does not change its stand. I am just outlining the complexity of the issue.

There are parts of the world, there are even countries which have adopted crypto officially. Different countries have come out with regulations. Japan has one set of regulations; America has another set of regulations. So, the Government needs to have two approaches: (a) if there is a ban, what is going to be the approach so that crypto does not become the route for money laundering, illicit activities, drugs, or crime, and (b) if they do want to regulate it, then what are the lessons that we can learn from America, Japan and

elsewhere? I rest it over here. Nonetheless, the point is that crypto is a risk at this moment.

Sir, crypto is not the only risk that is there in today's market. If you would see over the last two years, especially during the pandemic days, there have been a lot of new investors in the stock market. Many say that while people were sitting in their homes for two years, as a way to occupy themselves, as a way to counter the low interest rates from banks, a lot of middleclass people, a lot of women, a lot of young people, elderly people have rushed into the stock market. The stock market is not simple; it is complicated. It has its own rules; it has its own laws and principles. The Government must be concerned over this. Right now, there are so many commercials on YouTube of people selling their advice and encouraging people to invest in the stock market. There are a lot of new investors. That could be another bubble that is waiting to burst. Therefore, I would request the Government to take this matter also into account. I have already mentioned inequality; I have already mentioned crypto; I have already mentioned the stock market.

Sir, one of the aims of this Government, or of any government, is to widen the tax base. We want more and more people to pay their taxes. There are certain clarifications which have come on direct tax, on AOPs and other things. But what we are seeing is an exodus of high-net -worth individuals. We know that most of the income under the income tax comes from the high-net-worth individuals. But we have seen that since 2019, 7000 high-net-worth individuals have left the country.

A report says that 23,000 dollar-millionaires have left India between 2014 and 2018. We should be worried. What is the ecosystem in India that is pushing some of our highest earners, most productive people who are heads of big enterprises and heads of big businesses out of the country? Why are they leaving the country? What is there in the ecosystem? Some have voiced their view that it is because of the fear that they feel. Some said that it is because of the unfair pressure that comes from various arms of this Government. I hope that this Government seriously introspects on this. That is not the reputation we want. A message should go to these people that whoever they are – they might be high net worth individuals, they might be salaried people – they will not be unduly harassed by the Government, they will not be unduly pressured by any extension of the Government.

I hope that the Government will take this into account. It will also take into account the fact that now, due to Ukraine, the inflation is assumed to rise to seven per cent. Various rating agencies have brought down the growth outlook. So, what is the plan of the Government now? The Government should come up with a clear White Paper as to how it will manage to ensure that our fiscal fundamentals or financial fundaments remain stable. That clarity must come out. It seems that every month, because of certain external factors, our growth outlook keeps changing, and the Government sometimes, I can say, is caught on its backfoot.

The Government, in this Finance Bill, has also brought some sector-specific amendments. It has brought amendments on handicrafts, apparels,

leather and electronics. It has reduced the import duty on mobile phones. The import duty is also being reduced on certain chemicals, such as Sodium Cyanide, Methyl Alcohol, and Acetic Acid. The Government has also raised the customs duty on umbrellas to 21 per cent. Considering the high cost of steel, the anti-dumping duty on steel is also being revised.

Just on steel, because it is such an important sector, I do hope that the hon. Finance Minister in her reply would specifically state whether the anti-dumping duty, which is being revoked, is a temporary or a permanent measure. The prices of commodities, especially that of steel, are nonetheless high but, at some point, they are likely to come down as well. But if you keep having an unpredictable flip-flop policy on commodity by commodity, that sends out a very wrong signal.

The Customs Duty on gems and jewellery has also been reduced to five per cent. With regard to fuel, the Government wants to encourage blended fuel and, therefore, it is imposing an excise duty of Rs.2 per litre on blended fuel. This is an important matter. I understand that by introducing blended fuel, the Government wants to reduce the overall expenditure. But this is not the way to do it. The kind of instrument that you are bringing in, that if you want to encourage blended fuel you will make unblended fuel, does not work. You have to create the ecosystem, talk to the OMCs, petrochemicals, retail outlets, and pump outlets. There is a lot of resistance, because the supply chain has to be set up.

You may remember what happened with GST. There was a hasty implementation. Not taking into account the ecosystem, not orienting them, did more damage than benefit. Similarly, I advise this Government, as it is pushing the blended fuel, to take back the excise duty of Rs.2 per litre on unblended fuel.

This Government has brought out something on the SEZs, and I hope it would give us more details on that.

On GST, the position of our States is extremely doubtful, and extremely vulnerable. They rely a lot on the GST compensation. The timing of GST compensation has been extremely poor. It is completely at the hands of the Central Government. They release it when it suits them but that does not suit the State Governments. The State Governments have to pay salaries. They have to fund their social welfare schemes. They have to also put in money for development. The Government may say that there is a GST Council. There have been enough, both within and outside, views raised by the State Governments that the GST compensation has not been released adequately. It has not been released on time. Also, under the Act, the tenure for GST compensation is coming to an end.

The Government has extended exemptions, under this Bill, to start ups. You have extended exemptions to manufacturing companies by one more year. I would request the Government, taking into account the GST Council, to again extend the tenure for GST compensation by a year or two.

With regard to the International Financial Services Centre (IFSC), there are some exemptions, that is, the income of a non-resident from off-shore derivative instruments, and the income from over-the-counter derivatives. Frankly speaking, Sir, the International Financial Services Centre (IFSC) seems to be like a white elephant. This Government is trying to revive it and trying to push various things in order to make it alive. It is like giving those electric shocks to a patient that is already on its last breath or on its last leg. Since 2014, you have come up with so many initiatives to push IFSC. But what has happened? Nothing has happened. So, why do you not take the right lessons from it and instead of pushing more initiatives, understand that there could be other locations in India that are much more suitable for International Financial Services Centre? I am not asking you to shut it down. But I am asking you to think broadly and have an open mind. Think about the Western India, Southern India, and Eastern India -- whether it is Kolkata, Mumbai, Bengaluru. If you want, you can have it in the North East, which has such a long international boundary. Be broader in your outlook.

Hon. Chairperson, Sir, I do not want to criticise this Government always. We must also put on record the things that the Government has done well and we appreciate the Government for the same. I have already talked about the COVID-related payments that have been exempted. Again, the Government has come up with insurance scheme payments for persons with disabilities. We welcome that also.

Sir, I would like the hon. Minister to give details on these two specific things. I come to GST. Time has also come to evaluate the GST. What was the volume of income that was collected as part of the Indirect Taxes pre-GST and comparing that with the post-GST era, what is the volume of revenue collected from the Indirect Taxes? Does this Government have any data? Is it same? Has it decreased or has it increased? The Government should talk about it.

Secondly, corporate tax was reduced from 30 per cent to 25 per cent. No doubt, it had a hit on our revenue. But the Government's argument was that this will lead to more investments by corporates, which will, therefore, lead to more jobs. Has this Government done any study on this?

While the middle-class people of India -- who continuously vote and support this Government -- have got no relief, the corporates, on the other hand, have got relief of five per cent. Has the argument that corporates would invest more; would put in more factories; and would employ more, worked out? Has this Government done any study to show that more investment and jobs have been created?

HON. CHAIRPERSON: Yes, Gogoi Ji, please conclude.

SHRI GAURAV GOGOI: I do not want to take too much of your time. I have talked about direct tax, indirect tax, corporate tax, GST, and SEZ, and I have also talked about customs. There are certain suggestions which have also come from chartered accountants, and various other agencies. I hope the Government will take those suggestions into account. At the same time, let me go back to where I started from. Fiscally, we are not in a good position. Our

States are in debt. Our nation is in debt. Our borrowings have increased. Most of the payments are going into borrowings. Through its policies, this Government is pushing us further into debt. This is not a good sign. Already, there are a lot of other vulnerabilities also that I have talked about like crypto, and new and less-informed investors in the stock market. The debt and the fiscal position of our States are very important. I am sorry to say that the States have no other option than playing with excise-based income. They are either extending the timings of wine and liquor shops or they are trying to increase the taxes. All the sovereign power of the States to raise revenue, has gone into the GST. So, fiscally, we are in a very bad position. Our hands are constrained. Time has come that this Government instead of using external factors to justify its moderate and conservative stance, uses the same risks to come up with a progressive and strong policy. That is what the UPA Government had done on various occasions. When the 2008-Global Financial Crisis hit, our growth did not take a hit like other countries. Our employment was not as bad as it is now. Similarly, in 1991, at the moment of crisis, the then Government under the Prime Minister, Shri P.V. Narasimha Rao, our Finance Minister, Dr. Manmohan Singh, and all others, came together to give a new economic outlook and vision for our country, which had given us new middleclass and the economic muscle to call ourselves as an Asian power.

Therefore, I request this Government to emulate the UPA and use this moment of difficulty and crisis to have a bold vision and stop being cautious.

Thank you very much, Sir.

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): सभापति महोदय, मैं इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी का, हमारी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी का और मंत्री भागवत कराड़ साहब का अभिवादन करना चाहता हूँ, धन्यवाद देना चाहता हूं कि कोविड के इस क्राइसिस में भी उन्होंने जिस तरह से गांव, गरीब, किसान, पिछड़े, मज़दूर, महिला, दिव्यांग, जो हमारे गौरव गोगोई साहब बता रहे थे, उनकी चिंता की है, वह काबिले तारीफ है। क्योंकि पिछले 2 सालों से देश-दुनिया के जो हालात हैं, कोविड के कारण दुनिया की कोई ऐसी इकोनॉमी नहीं है, चाहे वह यूएस की इकोनॉमी हो या वह यूके की इकोनॉमी हो या यूरोप की इकोनॉमी हो या हमारे पड़ोसी मुल्क बंग्लादेश से ले कर श्रीलंका और सिंगापुर जैसे देशों की इकोनॉमी हो, सभी परेशानी की हालत में हैं।

सभापति महोदय, चूंकि यह प्रजातांत्रिक देश है, इस देश में एक बड़ी कठिन परिस्थिति है कि एक तरफ इस कोविड के क्राइसिस में लोगों तक कैसे खाना पहुंचाएं, यह एक बड़ी समस्या थी, क्योंकि लोगों के रोजगार कम हो रहे थे, स्वाभाविक तौर पर कम हो रहे थे। लोगों की पैसा खर्च करने की कैपेसिटी कम हो रही थी। दूसरी तरफ जो मध्यम वर्ग है, वह इन चीजों से परेशान हो रहा था। जिस तरह से यह यूक्रेन क्राइसिस हुआ है, उससे जो समस्याएं डेवल्प हुई हैं, जिस तरह से पेट्रोल के प्राइस पूरी दुनिया में बढ़ रहे हैं, उसमें से कैसे उनको राहत पहुंचाई जाए, कैसे उद्योग-धंधा लगाया जाए, कैसे उद्योगपतियों को सुविधा प्रदान की जाए तो यह एक कॉम्प्लिकेशन की इतनी बड़ी जगह है कि कुछ ऐसे लोग हैं, जिनको कि खाने के लिए नहीं है, कुछ ऐसे लोग हैं, जिनको अपना घर-परिवार और इज्जत बचानी है। कुछ ऐसे लोग हैं, जो कि रोजगार सृजन करते हैं। इन तीनों के बीच जिस तरह से बैलेंस बना कर यह फाइनेंस बिल ले कर आए हैं, उसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी निश्चित तौर पर बधाई के पात्र हैं।

सर, हमारे यहां एक कहावत है कि - बुरा जो देखन मैं चला, बुरा ना मिलिया कोई जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा ना कोई। हमारे कांग्रेस के मित्र और अपोजिशन के जितने लोग हैं, जितने लोग बोलने वाले हैं, मैं उसको एंटीसिपेट कर रहा हूँ कि वे पेट्रोल के प्राइस के बारे में निश्चित तौर पर बोलेंगे। मंहगाई के बारे में बोलेंगे, पेट्रोल के प्राइस के बारे में बोलेंगे और फिर कहेंगे, भारतीय

जनता पार्टी की सरकार को या हमारी सरकार को कि आप 7 साल से हैं, आप क्या कर रहे हैं? आप 7 साल से हैं क्या करेंगे? सर, लेकिन हम क्या करें? आपने जो चीज़ छोड़ी है, उसके बारे में हमको तो बोलना ही पड़ेगा न। आप कर्जा छोड़ कर गए हो, कर्जा बढ़ा कर यदि दर्जा बढ़ाते हो तो हम क्या करें? सर, आज हम पेपर ले कर आए हैं। यह पेपर है, जो उत्तर सभा पटल पर माननीय पेट्रोलियम मंत्री ने रखा था। वर्ष 2004 में अटल जी की सरकार गई। वर्ष 2004 से ले कर 2014 तक इन लोगों ने एक बड़ी अच्छी सरकार चलाई और उसमें केवल इकोनॉमिस्ट्स थे। लोग कहते हैं कि पढ़े-लिखे सरकार चलाते हैं, इकोनॉमिस्ट सरकार चलाते हैं। हमारी तरफ होता है कि हमारे यहां टैलेंट पूल कम है, टैलेंट क्रंच है। सर, सारे टैलेंटेड लोग यूपीए में ही थे और हम उनका बहुत सम्मान करते हैं। आदरणीय मनमोहन सिंह जी बड़े इकोनॉमिस्ट हैं।

उस सरकार में रंगराजन साहब थे, कौशिक साहब थे, मोंटेक सिंह अहलूवालिया साहब थे, रघुराम राजन साहब थे, आप दुनिया के सारे इकोनॉमिस्ट्स का नाम लीजिए, क्लिंटन के गुरू, ट्रंप के गुरू, सभी के गुरू भारत में ही थे। सर, जब पेट्रोलियम का प्राइस बढ़ना स्टार्ट हुआ, तो उन्होंने एक बड़ा अच्छा तरीका निकाला कि अभी इसको टालो-अभी इसको टालो-अभी इसको टालो, क्योंकि उनको पता था कि एक दिन कांग्रेस समाप्त हो जाएगी, फिर हमको आना नहीं है। जो आने वाले लोग हैं, उनको हम ऐसी परिस्थिति में धकेल कर जाएं, जहां से कि उनकी वापसी का कोई रास्ता नहीं दिखाई दे, क्योंकि वे अनपॉप्युलर हो जाएंगे। उनको क्या पता था कि एक ऐसा मजबूत प्रधान मंत्री हो जाएगा, जिसके ऊपर पूरे देश की जनता को, 130 करोड़ जनता को विश्वास है, जिसकी बात पर विश्वास कर के भारतीय जनता पार्टी फिर से चुनाव जीत जाएगी।

13.00 hrs

सर, उन्होंने लगभग 1,44,000 करोड़ रुपये का ऑयल बॉण्ड जारी किया जिसका इंटरेस्ट रेट 6.35 प्रतिशत से लेकर 8.4 प्रतिशत तक था। आज यदि गरीब लोग बैंकों में पैसे जमा करने जाएं तो उन्हें वहां 4 प्रतिशत या 5 प्रतिशत से ज्यादा इंटरेस्ट रेट नहीं मिलता है। जो ई.पी.एफ.ओ. के इम्प्लाईज़ हैं, आप तो खुद ही मजदूर नेता हैं, यदि आप देखेंगे तो सरकार को उसके इंटरेस्ट रेट

को 8.5 प्रतिशत से डाउन करने की आवश्यकता पड़ रही है क्योंकि वर्ल्ड मार्केट में हमारा बैंकिंग सिस्टम सस्टेन नहीं कर पा रहा है। आपने बिना किसी सोच के, उसमें सारे इकोनॉमिस्ट्स थे, यू.पी.ए. के सारे लोगों ने 1,44,000 करोड़ रुपये का ऑयल बॉण्ड जारी कर दिया। आप समझें कि इस परिस्थिति में वर्ष 2014 में लौटाने की बात आई क्योंकि भारत सरकार का यह कमिटमेंट है, एक सॉवरेन गारंटी है कि इसे देना ही है। 1,44,000 करोड़ रुपये हमने लिये और 3,22,000 करोड़ रुपये हमें लौटाने हैं। इस बात की चर्चा लगातार होती रहती है कि यह अडानी की सरकार है, अम्बानी की सरकार है। यह सब होता रहता है। जब काँग्रेस की सरकार थी तो हम लोग भी उधर से चिल्लाते थे कि टाटा की सरकार है, बिड़ला की सरकार है। मैंने सारे डिबेट डिस्कशंस वर्ष 1952 से ही सुने हैं, हमें कोई परेशानी नहीं है, लेकिन यह जो ऑयल बॉण्ड है, जिसके लिए आप 1,44,000 करोड़ रुपये का 3,22,000 करोड़ रुपये देंगे तो यह आप किसे देंगे? क्या कभी आपने इसे देखा है? सारे बड़े बिजनेसमेन, जिनकी भी नेट वर्थ 5,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है, उन सभी ने इस ऑयल बॉण्ड में इंवेस्ट कर रखा है। अडानी की सरकार काँग्रेस है या भारतीय जनता पार्टी, यह मेरा एक सीधा-सीधा सवाल है। हम इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।

सर, यूक्रेन क्राइसिस के बाद आज लगभग वर्ल्ड मार्केट में क्रूड ऑयल के दाम 130 डॉलर से 139 डॉलर प्रति बैरल हो गए हैं। हम क्या करें? क्या हम भी आपकी ही तरह नाटक करें? क्या हम भी आने वाले जेनरेशन को रोड पर भीख माँगने के लिए छोड़ दें? हमारे प्रधान मंत्री जी यह नहीं चाहते हैं। हमारे प्रधान मंत्री जी देश को यह बताना चाहते हैं कि यह सिचुएशन है और इस सिचुएशन में महँगाई बढ़ेगी, पेट्रोल के प्राइस बढ़ेंगे, एलपीजी के प्राइस बढ़ेंगे। वोट की राजनीति अलग है, देश की राजनीति अलग है।

आज वे जो बातें कह रहे थे तो गौरव गोगोई के पिता जी पन्द्रह सालों तक असम के मुख्य मंत्री रहे। उसकी क्यों ऐसी हालत है? यदि आप किसी को फ्री में बाँटना शुरू कर देंगे, जैसे फ्री की बिजली दे देते हैं, फ्री का मकान दे देते हैं, फ्री में इंवेस्टमेंट दे देते हैं, प्रत्येक महीने पैसे दे देते हैं, तो क्या आप फ्रीबीज़ की सरकार चलाने की बात कर रहे हैं? इसके बाद आपको यह लगेगा कि केन्द्र

सरकार आपकी मदद करे। यह हालत है। हमारे प्रधान मंत्री जी क्या कह रहे हैं? आप ऑयल बॉण्ड लेन्डिंग की बात कर रहे हैं। आज पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स में प्रधान मंत्री जी 20 प्रतिशत इथेनॉल देने की बात करते हैं। यू.पी.ए. की सरकार 5 प्रतिशत देना चाहती थी। जब हम आए तो 10 प्रतिशत देने की बात की और आज यदि हम उसमें 20 प्रतिशत देने की बात कर रहे हैं तो हम ऑयल इम्पोर्ट पर अपनी निर्भरता खत्म करना चाहते हैं। उस दिन नितिन गडकरी साहब बोल रहे थे कि हम इलेक्ट्रिक वेहिकल, ई.वी. चार्ज्ड वेहिकल या हाइड्रोजन से चलने वाले वेहिकल्स को बढ़ावा देंगे और जो देश में होने वाला है।

सर, मैं आपको बताऊं कि यशवंतराव चव्हाण साहब बहुत बड़े नेता थे। यहां सुप्रिया जी बैठी हुई हैं। यशवंतराव चव्हाण सेन्टर उनकी पार्टी का ऑफिस है। वे वित्त मंत्री के तौर पर जब यहां भाषण देते थे तो एक ही भाषण देते थे कि मैं एक ऐसा वित्त मंत्री हूं, जिसे यहां के लोगों को खाना खिलाने के लिए अनाज की आवश्यकता है और अनाज को मुझे इम्पोर्ट करना है। आज सिचुएशन यह है कि उस दिन पीयूष गोयल साहब बोल रहे थे कि हमारी सरकार ने 50 बिलियन का एक्सपोर्ट किया है। जो देश पहले इम्पोर्ट कर रहा था, आज वह एक्सपोर्ट कर रहा है। मैं यह नहीं कहता कि किसी सरकार ने काम नहीं किया, लेकिन यह एक्सपोर्ट 50 बिलियन हो गया। अनाज के ऊपर हमारी जो निर्भरता थी, जो कि बजट का एक पार्ट होता था, आज वह निर्भरता खत्म हो गई और आज हम दुनिया को खिला रहे हैं।

उसी तरह से यदि हम पेट्रोल और डीजल पर अपनी निर्भरता खत्म कर लेंगे, हाइड्रोजन आ जाएगा, इलेक्ट्रिक आ जाएगा, आज पूरी की पूरी रेल इलेक्ट्रिफिकेशन पर जा रही है। अब सारी रेल इलेक्ट्रिक पर चलेगी। यदि यह सिचुएशन पैदा हो जाएगी तो कभी भी यह सवाल पैदा नहीं होगा कि पेट्रोल के दाम बढ़ गए, डीजल के दाम बढ़ गए, इंफ्लेशन आ गया। आप क्या कर रहे हैं? गौरव जी, आप क्या कर रहे हैं? आपकी सरकार की पूरी रिपोर्ट लेकर मैं आया हूँ। जो अपोजिशन की सरकार है, वैट और एक्साइज की आप बहुत बात करते हैं, आप जनता की बात करते हैं, आप पेट्रोलियम प्रोडक्ट को जीएसटी में क्यों नहीं लाते हैं? हम तो कहते हैं, भारत सरकार लगातार कह रही है कि

आप ले आइए, जिससे कि पैरिटी हो। आपकी सरकार भी गरीबों को फायदा पहुँचाना चाहती है और हमारी सरकार भी फायदा पहुँचाना चाहती है। लेकिन, आप गरीबों के लिए चिंतित नहीं हो, किसानों के लिए चिंतित नहीं हो, आप केवल राजनीति करना चाहते हो।

सभापति महोदय, आपके राज्य केरल में वैट 30 परसेंट है। कर्नाटक में 30 परसेंट था, जिसको हमारी सरकार ने घटा कर 18 परसेंट किया। आंध्र प्रदेश में अपोजिशन की सरकार है, वहाँ 36 परसेंट है। महाराष्ट्र, जहाँ तेल पैदा होता है, वह बड़ा अच्छा फंक्शन करता है।

वहाँ 39.12 परसेंट है। सबसे ज्यादा यदि पेट्रोल और डीजल का दाम कहीं पर है तो महाराष्ट्र में है। राजस्थान में आपकी सरकार है, वहाँ 31 परसेंट है। दिल्ली, जहाँ हम हैं, यहाँ 27 परसेंट है। फिर आप कहेंगे कि इंफ्लेशन बढ़ रहा है।

सर, मेरा यह कहना है कि आज पूरे देश के सामने जो नोशन है कि हम पेट्रोल-डीजल का दाम बढ़ा रहे हैं, यह खत्म हो जाना चाहिए।

13.07 hrs (Shri Kodikunnil Suresh *in the Chair*)

दूसरा, अब मैं आगे बढ़ता हूँ, ऑयल बॉन्ड में अभी तक हमने 40,000 करोड़ रुपये केवल इंटरेस्ट दिया है। सब अंबानी-अडाणी जी को ही दिया है, क्या करें? आप एक दिन आरटीआई से निकालिएगा और कहिएगा कि हमने अंबानी-अडाणी को दे दिया। आप थोड़े कहेंगे कि आपने इस देश को बर्बाद किया था और उसका खामियाजा हमको भुगतना पड़ रहा है।

सर, इस बजट में जो दूसरा बड़ा सवाल है, संयोग से मिस्टर उदासी यहाँ मौजूद हैं। चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए हमने बहुत संशोधन किया है। आपको मैं बताऊँ कि वर्ष 2014 में सी. एंड ए.जी. की रिपोर्ट आई। मैं एक अच्छी बात कहूँगा कि हमारे जो बच्चे हैं, कल ही मैं अपने बेटे के साथ चैरिटेबल ट्रस्ट पर बात कर रहा था। उसने कहा कि पापा, मुझे लगता है कि पढ़ने-लिखने से ज्यादा बढ़िया है कि कोई चैरिटेबल ट्रस्ट बना लिया जाए या कहीं मंदिर-मठ बना लिया जाए या मौलवी बन जाया जाए या कोई पंडित बन जाया जाए। यह जो करप्शन चल रहा है, आप इसकी

कल्पना नहीं कर सकते हैं। वर्ष 2014 में सी. एंड ए.जी. की रिपोर्ट आई और सी.एंड ए.जी. की रिपोर्ट ने एक बहुत बड़ा क्वेश्चन मार्क किया कि चाहे वह अस्पताल चल रहा हो, चाहे वह एजुकेशनल इंस्टीट्यूट चल रहा हो, ज्यादा से ज्यादा जो चीजें चल रही थीं, क्योंकि बहुत प्राइड होता है कि हमारे पास मेडिकल की इतनी सीट्स हैं, हमारे पास इंजीनियरिंग की इतनी सीट्स हैं और हमारे पास मेडिकल की बहुत फैसिलीटिज़ हैं। कराड साहब, आप जिस राज्य से आते हैं, महाराष्ट्र में कोई भी ऐसा बड़ा आदमी नहीं है, ऐसा कोई बड़ा बिजनेसमैन नहीं है, कोई इतना बड़ा पोलिटिशियन नहीं है, जिसके पास एजुकेशनल इंस्टीट्यूट नहीं है। सी.एंड ए.जी. की रिपोर्ट ने कहा कि सारे के सारे फ्लो हैं। इवन जो एक बड़ी कंपनी है, जिसका मैं नाम नहीं लेना चाहता हूँ। उन्होंने एजुकेशन के नाम पर, मेरे राज्य से जो आगे बढ़ा, मेरे राज्य के कारण आज मुम्बई को पैसा दे रहा है, उसने मेरे यहाँ एक भी इंस्टीट्यूट नहीं बनाया, वहाँ एक भी इंस्टीट्यूट नहीं है, एक भी बढ़िया अस्पताल नहीं बनाया। लेकिन, उसने हॉवर्ड, ऑक्सफोर्ड और ब्राउन में इस देश का लगभग 3000 करोड़ रुपया दे दिया। सर, पूरे टाटा ट्रस्ट ने दे दिया। उसके ऊपर इन लोगों ने क्यों नहीं क्वेश्चन किया? मैं भारत सरकार से माँग करता हूँ कि वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक उस टाटा ट्रस्ट में कितने पोलिटिशियंस हैं, इनक्लूडिंग भारतीय जनता पार्टी के पोलिटिशियन, कितने ऐसे पोलिटिशियंस हैं, जिनके बच्चों को उन्होंने स्कॉलरशिप देकर पढ़ाया? कितने ऐसे ब्यूरोक्रेट्स हैं, जिनके बच्चों को उन्होंने स्कॉलरशिप देकर पढ़ाया? कितने ऐसे पत्रकार हैं, जिनके बच्चों को उन्होंने स्कॉलरशिप देकर पढ़ाया? बिना आरबीआई की परमीशन के, सीएजी की रिपोर्ट आने के बावजूद भी इन्होंने चैरिटेबल ट्रस्ट को उगने दिया। आज बच्चों की पढ़ाई प्रॉपर नहीं हो पाती है। आप स्टेट की बात करते हैं। स्टेट कंसैशनल रेट पर उनको जमीन देती है। स्टेट हॉस्पिटल बनाने के लिए जगह देती है। आपने इसमें कोई कार्रवाई नहीं की। मैं जहां रुका हुआ था, मैं और उदासी जी उस कमेटी के मेंबर थे, हमने कहा कि कुछ नहीं होना है और पीएसी की एक प्रॉपर अच्छी रिपोर्ट बनाई। यदि किसी को कंट्रोल करना है, यदि इसमें कुकुरमुत्ते की तरह उग आए एनजीओज़ को यदि कंट्रोल करना है तो सबसे पहले चैरिटेबल ट्रस्ट पर कंट्रोल करना होगा। मैं माननीय प्रधान

मंत्री और माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि इस बजट में यदि किसी लूप होल को उन्होंने रोका है तो चैरिटेबल ट्रस्ट के लूप होल को रोका है। उन्होंने सारे अमेंडमेंट किए।

चेयरमैन सर, ब्लैक मनी की बात बहुत की जाती है। यह मेरा बहुत प्रिय सब्जेक्ट है। वर्ष 2011 में मेरी सीट 545 नंबर की थी, जो सबसे अंतिम सीट है। 545 ही इस लोक सभा की स्ट्रेंग्थ है और मेरी सीट का नंबर 545 था। मैं, अर्जुन मेघवाल जी और उदासी साहब सभी साथ ही बैठते थे। मैंने वहां से भाषण देते हुए कहा कि यूपीए सरकार के तीन ऐसे सांसद हैं, जिनका एकाउंट लिंचेस्टाइन बैंक में था। मैंने इस फ्लोर ऑफ दी हाउस में उसको डिस्कलोज किया था। उस वक्त यहां के वित्त मंत्री माननीय प्रणव मुखर्जी साहब थे, जो बाद में भारत के राष्ट्रपति बने, उन्होंने उसका कोई जवाब नहीं दिया। उसमें कांग्रेस की एक मंत्री भी थीं। मेरे भाषण पर हर्ष रघुवंशी जी ने सुप्रीम कोर्ट में एक पीआईएल किया। पीआईएल के उस केस को शांति भूषण जी और राम जेठमलानी जी ने लड़ा। राम जेठमलानी जी अब नहीं हैं। शांतिभूषण जी का इतना ही योगदान था कि मेरे भाषण पर जो पीआईएल हुआ, उस पीआईएल का केस उन्होंने लड़ा। जब लोक सभा में कोई जवाब नहीं आएगा तो सुप्रीम कोर्ट देखेगी। सुप्रीम कोर्ट में वह केस चलता रहा। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2012 में कहा कि ब्लैक मनी पर एसआईटी बनाओ। वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2014 तक यूपीए की सरकार ने कुछ नहीं किया, क्योंकि उसको भ्रष्टाचारियों को बचाना था। आज जो कांग्रेस पार्टी की दुर्गति है, उसके पीछे रीजन यही है। उसे देश के लिए कोई काम नहीं करना है। वह दो साल तक बैठी रही। जब माननीय मोदी जी ने 27 मई को शपथ ली, तो सबसे पहले कैबिनेट में उस एसआईटी को बनाया, जो सुप्रीम कोर्ट का आदेश था। आज मैं आपको बताऊं कि इसमें कैश ट्रांजैक्शन के लिए सैक्शन 68 में एक बड़ा संशोधन लेकर यह सरकार आई है। यह इसे क्यों लेकर आई है? हसन अली का मामला हो या काशीनाथ टपोरिया का मामला हो, लाखों-लाख करोड़ केवल कैश ट्रांजैक्शन हवाला के माध्यम से जाते रहे। कोई माई-बाप नहीं, कोई रोकने वाला नहीं। हसन अली का पैसा चला गया, काशीनाथ टपोरिया का मामला चला गया। आज भी हवाला के माध्यम से कितने पैसे गए, उसके बारे में कंप्लीट हिसाब-किताब नजर नहीं आ रहा है। पिछले

सात-आठ सालों से हम जो काम कर रहे हैं, उसमें हमने कह दिया कि आप दो लाख से ज्यादा कैश ट्रांजैक्शन नहीं कर सकते हैं। इस पर बहुत बड़ा आंदोलन हुआ। सारी जेम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री रोड पर आ गई। सभी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने वोटर्स को नाराज करती है।

हमारे भी कई सांसद माननीय प्रधान मंत्री जी से लगातार यह आग्रह करते रहे कि बनिया वर्ग, जो हमारा वोटर है, वह नाराज हो जाएगा। हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि जिसको नाराज होना है, हो जाए, हम वोट की राजनीति नहीं करते, हम इस देश की राजनीति करते हैं। हमें साफ-सुथरी राजनीति करनी है और आज हम सक्सेसफुल हुए हैं।

महोदय, सैक्शन 68 में हम यह संशोधन लेकर आए हैं कि यदि आप किसी को कैश दीजिएगा, किसी कंपनी में इक्विटी लीजिएगा, तो आपको बताना पड़ेगा कि यह पैसा कहां से लेकर आए हैं? क्या हम ब्लैक मनी के ऊपर काम नहीं कर रहे हैं?...(व्यवधान) मैं चाहता था कि रेवंत रेड्डी बोलें। मुझे पता है कि अधजल गगरी छलकत जाए।...(व्यवधान) सर, कबीर का एक दोहा है,

"ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय,

औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होय।"

मुझे लगता था कि मैं आराम-आराम से अच्छी-अच्छी बातें करूंगा। इसी पार्लियामेंट में मैंने बोला था कि ब्लैक मनी एक बड़ी समस्या है, उसके पीछे क्या रीजन है? स्विटजरलैंड से कितना पैसा आया? वर्ष 2012-13 तक इनको पता चल गया था कि अब किसी भी कीमत पर यह सरकार वापस नहीं आने वाली है तो इन्होंने क्या किया? स्विटजरलैंड के साथ डबल एग्रीमेंट टैक्ससेशन एवॉइडन्स एग्रीमेंट कर लिया और उसमें कहा कि आपको डिस्कलोज करेगा। अमेरिका के साथ आपने एफएटीसीए साइन किया। इन्होंने स्विटजरलैंड के साथ वर्ष 2021 में एग्रीमेंट साइन किया, उसमें कहा कि वर्ष 2016 आएगा क्योंकि इनको पता था कि ये सरकार में नहीं होंगे। तब आप हमको बताना कि हमारे किस आदमी का अकाउंट है।

महोदय, आप हमें यह बताइए कि चार साल में जो पैसा आपके देश का चोरी करके ले गया है, वह आपका इंतजार करेगा? शिकारी आएगा, जाल बिछाएगा, उसमें फंसना नहीं। जितने लोग थे,

चार साल में सब पैसा लेकर चले गए, सबों ने अपने अकाउंट को ट्रस्ट में कन्वर्ट कर लिया। यहां के जो बिजनेसमैन हैं, जो यहां से पैसा लेकर गए, भारत सरकार और बैंक का पैसा लूट कर लेकर गए, उन्होंने ट्रस्ट बना लिया और वह ट्रस्टी वहां का लोकल आदमी है। यदि मैं भारत के लोगों का नाम लेने लग जाऊंगा तो वहां के लोकल लोगों का पैसा बताएगा। जितने पैसे हैं, सब उन लोगों ने ट्रस्ट में कन्वर्ट कर लिए हैं। इसके बाद कहते हैं कि स्विटजरलैंड से पैसा नहीं आया। करो आप और भरे हम, यह हालत है।

महोदय, तीसरा पाइंट क्रिप्टो करैंसी का है। शिव कुमार उदासी ने स्टैन्डिंग कमेटी में सबसे पहले इस मुद्दे को उठाया था। हम लोग वर्ष 2012-13 से इसकी बात कर रहे हैं। आज क्रिप्टो करैंसी की बात हो रही है, आज डिजिटल करैंसी की बात होती है। ये लोग कैसे विजनलेस आदमी थे? वर्ष 2012-13 से लगातार क्रिप्टो करैंसी की बात कर रहे हैं। कोई भी ऐसा गवर्नर हमारे सामने उपस्थित नहीं हुआ, चाहे सुब्बाराव साहब हो, रघुराम साहब हो, उर्जिल पटेल हों या आज के वर्तमान गवर्नर जो उस समय सेक्रेटरी थे, शक्ति कांत दास हों, कोई भी ऐसे आदमी नहीं रहें, जिन्होंने यह नहीं कहा कि यह डार्क नेट पर चलता है। यह क्रिप्टो करैंसी ड्रग्स का पैसा, हवाला के पैसे का दूसरा रूप आने वाला है, इसको रोकने का प्रयास होना चाहिए। वर्ष 2013 की स्टैन्डिंग कमेटी की रिपोर्ट है।

हमने उस रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया कि देश और दुनिया में आने वाला खतरा क्रिप्टो करैंसी है, डिजिटल करेंसी है। वर्ष 2013 से लेकर 2014 तक, डेढ़ साल तक यूपीए की सरकार रही, इसके ऊपर इन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। आज ये बिल की बात करते हैं। बिल कब आएगा, यह लीगल है या इलीगल है, इसका दूसरा सवाल है।

लेकिन जो सिच्युएशन आज पूरी दुनिया में पैदा हुई, आज यदि आपको करप्शन करना है, किसी को घूस का पैसा देना है तो वह क्रिप्टो में जा रहा है, किसी को ड्रग्स खरीदना है तो क्रिप्टो में जा रहा है। सारी दुनिया इससे परेशान है, पूरी दुनिया इसीलिए परेशान है। हमारी जो करेंसी है उसमें हमको पता है कि कितना करेंसी छपा, इस देश में कितनी करेंसी है, उस करेंसी का कितना

उपयोग होगा। कितना इम्पोर्ट बिल है, कितना उसका एक्सपोर्ट बिल है। इसको पूरी दुनिया में सेंट्रल बैंक रेग्युलेट करती है। लेकिन इस क्रिप्टो का मालिक कौन है, आज तक यही पता नहीं चला है। अलग-अलग एक्सचेंज बन गई हैं और भारत सरकार, आरबीआई हो, इनकम टैक्स हो, सभी इसके लिए चिंतित हैं कि इस तरह के पैसे कैसे आ गए। अगर पॉकेट में 10-20 हजार रुपये न हो तो मैं अपनी गाड़ी में नहीं बैठता, मैं पैदल टहलने भी नहीं जाता हूं। लेकिन मेरे बेटे के पास यदि पांच हजार रुपये होंगे, आज का जमाना बदला है, उसको लगता है कि एक बोझ हो गया।

लोग कार्ड और डिजिटल करेंसी की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत सरकार ने इस बजट में सबसे बढ़िया काम यह किया है कि आरबीआई को डिजिटल करेंसी की तरफ आगे बढ़ाया है। जहां तक क्रिप्टो करेंसी का सवाल है, क्रिप्टो में जो लूपहोल्स थे, जो 30 परसेंट टैक्स लगाने की बात है, उसमें चाहे घाटा हो, नफा हो या एक परसेंट टीडीएस लगाने की बात है, वह एक बहुत बड़ा कदम है। यदि आप देखेंगे तो आज के अखबार में फ्रंट पेज पर इकोनॉमिक टाइम्स ने लिखा है कि पूरी की पूरी क्रिप्टो इंडस्ट्री भारत सरकार से हिली हुई है। भारत सरकार जिस तरह से इस दिशा में जा रही है, उससे क्रिप्टो को आज नहीं तो कल बैन होना ही होना है। भविष्य की करेंसी, जो दुनिया की डिजिटल करेंसी होगी, भारत सरकार अपने विजन के साथ उस तरफ बढ़ रही है। इसलिए, मुझे लगता है कि डिजिटल करेंसी के बारे में हमें ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। वह रास्ता ठीक ही होने वाला है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने एक बड़ी राहत दी है। इस सरकार ने गरीबों, आम लोगों, महिलाओं और बच्चों को, जिनके पास सीए नहीं है या मान लीजिए किसी कारणवश उनका अकाउंटिंग छूट जाता है तो उनको भारत सरकार ने एक बहुत अच्छी राहत दी है। अब आप दो साल के बाद भी अपने इनकम टैक्स को रिवाइव कर सकते हैं। इसका मतलब आप फिर से उसको ठीक कर सकते हैं। ठीक करने में आपको सभी चीजें सच-सच बतानी पड़ेंगी। यदि आप सच नहीं बताएंगे तो समस्याएं आएंगी। उन समस्याओं से निजात पाने के लिए बहुत बड़ा काम किया गया है।

एक और विषय जो बहुत महत्वपूर्ण है और इस पार्लियामेंट के लिए समझने का सवाल है। हम हमेशा इस पार्लियामेंट में चर्चा करते हैं कि गरीबों के लिए अलग कानून है और अमीरों के लिए अलग कानून है।

यह फैक्ट है कि हम जिस वोट से जीत कर आते हैं, वह गरीबों के वोट से जीत कर आते हैं। जो बड़े बिजनेसमैन हैं, उनके पास लॉबीस्ट हैं। वे अपना कॉर्पोरेट अफेयर्स का मंत्रालय चलाते हैं और उनके लिए लॉबीस्ट तैयार होते हैं। लेकिन, जब पार्लियामेंट कानून पास करती है, यह सोचनीय विषय है, क्योंकि हम चर्चा करते हैं कि आईबीसी एक्ट अभी तुरंत दो साल में बना है और आपने उसमें पचास संशोधन कर दिए। हमने कॉर्पोरेट बिल बनाया था, कॉर्पोरेट एक्ट आप ही की यूपीए सरकार लेकर आई थी, जो वर्ष 2013 में बनी थी, उसमें भी कम से कम 20-25 बार संशोधन करने पड़े। अभी मैंने देखा कि इनकम टैक्स एक्ट और कस्टम एक्साइज एक्ट में कई चेंजेज किए गए हैं। इसके लिए, मैं भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं ट्रांसफर प्राइसिंग का एक उदाहरण देना चाहता हूं। ट्रांसफर प्राइसिंग में एक कंपनी अपना टैक्स बचाने के लिए या किसी अन्य कारण से सब्सिडियरी कंपनी लगाती है और वह उससे पैसा लेकर आती है। जब उसके टैक्स को कम्यूट करने की बात आती है तो उसके लिए डिसिजन अलग-अलग होता है। ट्रांसफर प्राइसिंग में इतनी बड़ी समस्या और लिटिगेशन होने लगा, मैं बस चार-पांच मिनट में खत्म कर दूंगा, इतनी बड़ी समस्या होने लगी कि दिल्ली हाई कोर्ट का जजमेंट किसी कंपनी के लिए अलग, सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट किसी दूसरी कंपनी के लिए अलग और मुम्बई हाई कोर्ट का जजमेंट किसी और कंपनी के लिए अलग-अलग है। मैं दस केसेज लेकर आया हूं। इतनी बड़ी समस्या होने लगी कि जो रेवेन्यू डिपार्टमेंट की अथॉरिटी है, वह समस्या में पड़ने लगी कि हम फाइनली किसकी बात मानें? इसी कारण हम ट्रांसफर प्राइसिंग जैसे और भी पांच-सात चीजों के लिए एक बहुत बड़ा संशोधन लेकर आए हैं।

दूसरा, इस सरकार ने एक और बढ़िया काम किया है। मान लीजिए किसी कोर्ट ने किसी मुद्दे को सेटल कर दिया और यदि उसी तरह का कोई केस रेवेन्यू डिपार्टमेंट में चल रहा है, तो जिस मुद्दे

को हाई कोर्ट ने या सुप्रीम कोर्ट ने सेटल कर दिया है, उसके आधार पर उस लिटिगेशन को खत्म करना है। आपको पता है कि हम समस्या से समाधान की तरफ बढ़ रहे हैं। हम एक बड़ा काम कर रहे हैं। हम फेसलेस की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत सरकार ने इसके ऊपर एक बड़ा काम किया है।

सभापति महोदय, तीर्थराज पुष्कर सरोवर में पर्याप्त एवं स्वच्छ जल आपूर्ति की सुनिश्चितता के साथ-साथ सीवरेज के गंदे पानी की आवक को सरोवर में जाने से रोकने की महती ठोस योजना बना कर अविलंब क्रियान्वित किया जाए।

दूसरा, तीर्थराज पुष्कर स्थित पुष्कर सरोवर की श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना करने के पश्चात, उसके घाटों एवं परिक्रमा मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब एवं बदहाल होने से परिक्रमा करने में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस हेतु सक्षम कार्रवाई करा कर घाटों एवं परिक्रमा मार्ग का जीर्णोद्धार कराया जाये।

सभापति महोदय, तीर्थराज पुष्कर स्थित सीवरेज लाइन लगभग 35-40 वर्ष पूर्व बिछायी गई थी। इसकी स्थिति वर्तमान में जनसंख्या के विस्तार के कारण अत्यंत खराब है। उसकी स्थिति काफी दयनीय है। वहाँ सीवरेज लाइन जाम हो गई है। इसके फलस्वरुप स्थानीय वशिंदों के साथ-साथ देशी-विदेशी श्रद्धालुओं और पर्यटकों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अत: सीवरेज लाइन का मरम्मत किया जाए।

तीर्थराज पुष्कर और इसके आसपास स्थित धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राचीनतम मंदिरों को पर्यटन स्थलों के आधार पर एक कॉरिडोर बनाकर विकसित कराने की महती आवश्यकता है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहूँगा कि इन चारों बिन्दुओं पर अविलंब ठोस कार्रवाई कराई जाए।

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूँ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना लोक सभा के अंतर्गत धामपुर विधान सभा में शेरकोट के पास खो नदी गुजरती है। इस नदी के किनारे काफी संख्या में गाँव बसे हुए हैं, जैसे बेनीपुर कोपा, मंधौरा, नाथाडोई, नंदगाँव, नयागाँव, हादकपुर, बिरामपुर आदि। इन गाँवों में बरसात के समय लोगों के जान-माल एवं फसलों का काफी नुकसान होता है। इनमें से दो गाँव नंदगाँव और बिरामपुर की स्थिति बहुत ही खराब है। इन दोनों गाँवों को इस बार बरसात में बचाना बहुत ही मुश्किल हो गया था। यहाँ पर बाँध का बनाया जाना बहुत ही जरूरी है।

सभापति महोदय, नजीबाबाद विधान सभा के अंतर्गत गंगा नदी भी निकलती है। इस नदी के किनारे भी बहुत से गाँव बसे हुए हैं, जिसमें नांगल से गौसपुर तक काफी कटान हो रहा है। यहाँ पर भी बाँध का बनाया जाना बहुत जरूरी है, जिससे बरसात से पहले इन सभी गाँवों को सुरक्षित बचाया जा सके।

महोदय, ये दोनों नदियाँ वर्ष ऋतु में लोगों के जान-माल को बहुत अधिक क्षति पहुँचाती हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूँ कि मेरे क्षेत्र में बहने वाली नदियों के द्वारा किए जा रहे कटान और उससे होने वाली फसल की क्षति व जान-माल की सुरक्षा हेतु अविलम्ब ध्यान देकर जगह-जगह कटान को रोकने हेतु बोल्डर स्टंट इत्यादि से बाँध का निर्माण अतिशीघ्र किया जाना चाहिए। उनके जान-माल और फसलों की क्षति के लिए सरकार व्यक्ति के परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा देने का भी प्रबंध करे, ऐसी मेरी माँग है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री अरूण साव (बिलासपुर): माननीय सभापति जी, स्वतंत्र भारत के 74 वर्ष के इतिहास में सबसे बड़ी गरीब कल्याण योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रारंभ की, जिसे हम प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम से जानते हैं।

माननीय सभापति जी, हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका खुद का मकान हो। यह प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के सपने साकार करने वाली योजना है। छतीसगढ़ में जब तक

भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी, गरीबों को प्रधानमंत्री आवास बड़ी संख्या में मिल रहा था। लेकिन, जब से राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी है, गरीबों को प्रधानमंत्री आवास मिलना बंद हो गया है। गरीबों के सपने को तोड़ने का काम कांग्रेस की सरकार कर रही है। एक बार फिर कांग्रेस का गरीब विरोधी चेहरा सामने आया है।

माननीय सभापति जी, मैं आपको बताना चाहता हूँ कि कांग्रेस सरकार के कारण किस्त नहीं मिलने से हजारों गरीब कर्ज़ में डूब गए हैं। वे बेघर हो गए हैं। वर्ष 2019-20 के बाद राज्य सरकार ने राज्यांश नहीं दिया है। आज भी 565 करोड़ रुपये राज्यांश का बकाया है। वर्ष 2020-21 में केन्द्र सरकार ने 6,48,867 मकान का लक्ष्य आवंटित किया। उसमें से राज्य सरकार ने केवल 1,57,815 मकान ही लिये। इसी प्रकार 2021-22 में 7 लाख 81 हजार 979 मकानों का लक्ष्य रखा, जिसे राज्य सरकार ने लेने से इनकार कर दिया। मैं आपके माध्यम से राज्य सरकार से आग्रह करता हूं कि वह गरीबों के साथ अन्याय करना बंद करे। केन्द्र सरकार गरीबों के सपनों को साकार करने का जो काम कर रही है, उसमें वह सहयोग करे।

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र की एक बड़ी समस्या की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करने का मौका शून्य काल के माध्यम से दिया है।

महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र पाटिलपुत्र की एक महत्वपूर्ण समस्या का जिक्र करना चाहता हूं। मैं रेल मंत्री जी के समक्ष अपनी पीड़ा रखना चाहता हूं। पटना रेल खंड पर सरमा, रेलवे गुमटी से लेकर सिपारा गुमटी के पश्चिमी तरफ बिल्कुल सड़क नहीं है। सिर्फ रेलवे लाइन के पूर्वी तरफ सड़क है। रेलवे लाइन के पश्चिम में लाखों आबादी विगत दिनों में बस गई है। उन लोगों को आवागमन के लिए रेलवे लाइन क्रॉस करके रेलवे लाइन के पूर्वी तरफ जाने वाली सड़क पर आना पड़ता है। जटडुमरी रेलवे स्टेशन, सिपारा गुमटी पर आरओबी बनाया जा रहा है। भलुआ, नदवा, कुरथौल पर लाखों की आबादी बस गई है। उन लोगों के पास कोई दूसरा उपाय नहीं है। अवैध रूप से ही रेलवे लाइन क्रॉस करके उन्हें दूसरी तरफ जाना पड़ता है। मैं समझता हूं कि सभी अवैध क्रॉसिंग्स विगत

दिनों में बंद कर दी गई हैं। उस तरफ जो लाखों की आबादी बसी हुई, उनके इस तरफ आने के लिए कोई रास्ता नहीं है। यहां तक कि जो गर्भवती महिलाएं हैं या कोई पेशेंट होता है, उसके लिए भी आवागमन का कोई रास्ता नहीं है। इसकी वजह से बहुत परेशानी हो रही है।

महोदय, नदवा स्टेशन पर विगत दिनों में इस मांग को लेकर हजारों की संख्या में लोगों ने लगातार एक सप्ताह तक धरना, प्रदर्शन, अनशन किया। इस आंदोलन में मुझे भी जाने को मजबूर होना पड़ा, क्योंकि मैं वहां का जन-प्रतिनिधि हूं। धरनार्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल से वहां के महाप्रबंधक के साथ मैंने बैठक भी कराई कि कोई न कोई रास्ता निकालिए। वहां वर्षों से आबादी है, यह कोई नई आबादी नहीं है। विगत दिनों में देश की आबादी बढ़ी है, तो वहां की भी आबादी बढ़ी है। उनके पास उधर जाने का कोई उपाय नहीं है। अभी तक इसके लिए कोई सार्थक उपाय नहीं निकाले गए हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करता हूं कि वहां पोजीशन बहुत खराब है। वहां कभी भी आक्रोश का सामना करना पड़ सकता है। उनकी परेशानी को देखते हुए, मैं कह सकता हूं कि माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करिए, हस्तक्षेप करिए और कोई न कोई रास्ता निकालिए। पहले लाखों की आबादी इन रेलवे क्रॉसिंग्स से जा रही थी। इस रास्ते को आपने बिल्कुल बंद कर दिया है। वहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर वह नहीं खुलेगा, तो लोगों को बहुत परेशानी होगी। वहां अंडरपास बनवाइए, रेलवे ओवर ब्रिज बनवाइए, नहीं तो समानांतर कोई सड़क बनाने का काम कीजिए। उनके लिए आप कोई वैकल्पिक व्यवस्था करिए। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करता हूं।

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) : महोदय, मैं आज गुजरात में भारत सरकार द्वारा लागू होने वाली पार तापी नर्मदा लिंक परियोजना के बारे में बताना चाहती हूं। जहां यह प्रोजेक्ट आने वाला है, वह मेरी जन्मभूमि है। वहां के लोगों ने मुझे बताया है कि इस योजना से वहां की जनता को बहुत भारी नुकसान होने वाला है। इस योजना से आदिवासी समुदाय बड़ी संख्या में प्रभावित होंगे। जहां इस योजना को लाने की बात हो रही है, वहां काफी घना

जंगल है। वहां लोग वर्षों से जंगल में रह कर जंगल को संभाल रहे हैं। जल, जंगल और जमीन पर वर्षों से उनका अधिकार है और उनका जीवन भी इसके ऊपर निर्भर है। इस प्रोजेक्ट में आने वाले 75 गांवों में रहने वाले 35 हजार आदिवासी परिवार विस्थापित होंगे। जिससे बेरोजगारी बढ़ेगी और बच्चों की शिक्षा के ऊपर असर होगा। इसके साथ, घने जंगल, वन्य प्राणी, पर्यावरण एवं समग्र जीवन सृष्टि को भारी नुकसान होगा।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से गुजारिश करती हूं कि इतनी बड़ी संख्या में आदिवासी समाज और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली इस योजना को तत्काल रद्द किया जाना चाहिए। धन्यवाद।

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना): सभापति महोदय, करीब 23 हजार से ज्यादा मेडिकल स्टूडेंट्स चीन में एमबीबीएस करने गए थे। हम पार्लियामेंट में देखते हैं कि एक मंत्री दूसरे मंत्री की तारीफ करते हैं। स्टार वार मूवी नहीं देखते हैं, आसमान तोड़ कर लाए हैं। ऐसा लगेगा एक से दूसरा, दूसरे मंत्री से तीसरा मंत्री बोलता है। जब नीचे जाकर देखते हैं तो पता चलता है कि क्या हालात हैं? कल भी मंत्री जी, मनसुख भाई बोल रहे थे। जब नीचे जाकर देखते हैं, लाखों लोगों को यूक्रेन से किस मुश्किल में लेकर आए क्योंकि यहां पढ़ाई नहीं है। अब 8 साल पूरे हो गए, अब भी मेडिकल कॉलेज बनने और अब भी 2014 से पहले की बातें करते रहेंगे। जब भी भाषण होगा 2014 से पहले की बात होगी।

जब ये लोग चीन में पढ़ने गए थे, उसके बाद कोविड हो गया। गरीब माँ-बाप ने कहीं से लोन लेकर तीन-चार साल उनको पढ़ाया, आज वे यहां बैठे हैं। यूनिवर्सिटीज वीजा नहीं दे सकती है। उसके बाद एप्स के ऊपर पढ़ाई होती थी, आपको पता है चीन के साथ हमारे हालात कैसे हैं, लगभग 200 से ज्यादा एप्स बंद करनी पड़ीं, ऑनलाइन पढ़ाई भी नहीं हो रही है।

नेशनल मेडिकल कमिशन ने यूक्रेन के बच्चों के लिए काफी कुछ किया है। लेकिन जो बच्चे चीन से पढ़ कर आए हैं, वे यहां शिफ्ट हो गए थे, क्योंकि पढ़ाई जैसे रूस में या यूरोपीयन कंट्रीज में होती है उससे बहुत अच्छी क्वालिटी थी। अगर मेडिकल कमिशन की बात करें तो 7.5 परसेंट

ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेजों में परमिशन देते हैं, उनसे परमिशन मिली हो जहां फॉरेन स्टूडेंट्स हों। जल्दी से जल्दी इनके बारे में कुछ करें। सुप्रीम कोर्ट के एटॉर्नी जनरल ने भी बोला है, जैसे यूक्रेन के बच्चों के लिए यहां प्रबंध किया जा रहा है वैसे ही चीन से मेडिकल करके आए बच्चों के लिए भी प्रबंध करना चाहिए। वर्ष 2014 के बाद की बात होनी चाहिए, इससे पहले की बात करने से काम नहीं चलेगा। धन्यवाद।

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): सभापति महोदय, मैं इस सभागृह के सामने ईपीएस-95 पेंशनार्थियों की समस्याओं को रखना चाहता हूं। पिछले कुछ महीनों से भारत के अलग-अलग राज्यों से ईपीएस-95 पेंशनार्थी आंदोलन कर हैं। इन पेंशनार्थियों ने मेहनत और अथक परिश्रम से औद्योगिक संगठनों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और हमारे देश के विकास में प्रमुख योगदान दिया है।

आज देशभर में इनकी संख्या 65 लाख से ज्यादा है लेकिन वर्तमान में इन्हें दी जानेवाली पेंन्शन राशि बहुत ही कम है, जो एक हजार रुपये है। जिससे उनकी आजीविका पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और बीमा योजना के अभाव के कारण वो मूलभूत स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। बहुत सारी कमेटियों ने भी इनकी पेंशन बढ़ाने की सिफारिश की है, जिसमें वर्ष 2018 में श्रम संबंधी संसदीय समिति, ईपीएफओ की संबंधित उच्च स्तरीय समिति और वर्ष 2013 में कोशियारी समिति शामिल है।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि ईपीएस-95 योजना के तहत आने वाले पेंशनरों की मांगों पर कारवाई करे और इसके लिए केंद्र सरकार ईपीएस-95 पेंशन योजना में आवश्यक परिवर्तन करके ईपीएस-95 पेंशनरों और उनके परिवारों को 5000 रुपये प्रतिमाह की मूल पेंशन दी जानी चाहिए। और साथ में महंगाई भत्ता प्रदान किया जाए।

इसके अतिरिक्त मेरी मांग है कि इन सभी पेंशनार्थियों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भी लाभार्थी बनाया जाए, जिससे इस वर्ग को लाभ मिले और उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद किसी वित्तीय संकट का सामना न करना पड़े।

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में लोक महत्व के अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

सभापति महोदय, पशुपालन और मत्स्य पालन से देश की एक बहुत बड़ी आबादी जुड़ी हुई है। सरकार को मत्स्य पालन और पशुपालन से जुड़े व्यवसाय को बढ़ावा देने और अधिक लाभकारी बनाने की जरूरत है। साथ ही, मत्स्य पालन और पशुपालन के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी 50 परसेंट से बढ़ाकर 100 परसेंट तक की जाए, ताकि किसानों के साथ-साथ युवा भी इससे जुड़ सकें और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से उसका लाभ उठा सकें। मत्स्य पालन और पशुपालन के विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को न केवल मजबूती मिलेगी, बल्कि इससे ग्रामीण स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इससे शहरों की तरफ हो रहे पलायन को भी रोका जा सकेगा। इन क्षेत्रों के विकास के लिए ग्राम सभा स्तर पर सभी तालाबों का सौंदर्यीकरण कराकर मत्स्य पालन कराया जाए। इससे गाँव के लोगों को व्यापार की दृष्टि से फायदा होगा। साथ ही साथ इससे भूमि का जल स्तर भी बढ़ेगा तथा इससे जीव-जन्तुओं को भी फायदे मिलेंगे।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से विभागीय मंत्री जी से मेरी मांग है कि इन बिन्दुओं पर ध्यान देने की जरूरत है। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: The list is over. Now, I request all the hon. Members to put their demands in one minute each so that all the hon. Members can be accommodated. We will try to adjourn the House by six o' clock itself.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से राजस्थान के 13 जिलों झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, करौली, अलवर, भरतपुर, दौसा और धौलपुर के लिए पेयजल व सिंचाई से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण ERCP पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री जी और जल शक्ति मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा।

सभापति महोदय, कल 24 मार्च, 2022 को मेरे सवाल के जवाब में लोक सभा में जल शक्ति मंत्रालय ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा ERCP को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में शामिल करने को लेकर निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि राजस्थान सरकार ने दिनांक 19.11.2017 को केंद्रीय जल आयोग को विस्तृत रिपोर्ट बनाकर भेज दी थी। केंद्र और राज्य के मध्य 15 बार से अधिक पत्राचार हो चुके हैं। राजस्थान के मुख्य मंत्री ने माननीय प्रधान मंत्री जी से बात भी की है, जैसा उनका कहना है। वे माननीय जल शक्ति मंत्री जी को उक्त संबंध में कई बार पत्र लिख चुके हैं, जिनका तारीखों के साथ विवरण मेरे पास है। … (व्यवधान) मैं एक सेकेंड में समाप्त कर रहा हूं। ऐसे में किसको सही मानें? केंद्र के पास प्रस्ताव आया या नहीं आया? अथवा राज्य सरकार ने भेजा या नहीं भेजा? आपका प्रारूप कौन-सा है, जिसके अनुसार आप जानकारी चाहते हैं? साथ ही, जवाब में मध्य प्रदेश राज्य का हवाला देकर कहा कि अंतरराज्यीय मामलों के कारण ERCP का आंकलन संभव नहीं हुआ। जबकि, उक्त मामले में प्रोजेक्ट DPR मध्य प्रदेश व राजस्थान के अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल की बैठक में ही तय हुई थी। ऐसे में मध्य प्रदेश राज्य की NOC जरुरी नहीं तो इसकी सत्यता क्या है?

माननीय सभापति : श्री बी. मणिक्कम टैगोर जी

… (<u>व्यवधान</u>)

श्री हनुमान बेनीवाल : सर, मैं एक मिनट में समाप्त कर रहा हूं। … (व्यवधान)

माननीय सभापति: आप रीड करके बोल रहे हैं। You are an experienced Member. What is your demand?

श्री हनुमान बेनीवाल : सर, मैं एक सकेंड में समाप्त कर रहा हूं। इस प्रकार के भ्रामक जवाब से भारत सरकार और जल शक्ति मंत्रालय की राजस्थान के प्रति सोच को लेकर सवालिया निशान खड़ा होता है।

सभापति महोदय, मेरी मांग है कि ERCP का उद्देश्य दक्षिणी राजस्थान में बहने वाली चंबल नदी और उसकी सहायक नदियों, कुन्नू, पार्वती और कालीसिंध में वर्षा ऋतु के दौरान

उपलब्ध अधिशेष जल का उपयोग राज्य के उन दक्षिण-पूर्वी जिलों में किया जाए, जहाँ पीने के पानी और सिंचाई हेतु जल का अभाव है। मेरी मांग है की पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जाये। धन्यवाद।

SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDHUNAGAR): Hon. Chairperson, Sir, I stand here with pain to speak about the Tamil brothers and sisters in Sri Lanka.

Tamils are fleeing because of food shortage and economic misery. First trickle of Sri Lankan refugees has reached the Tamil Nadu coast. More than two thousand families are forced to leave Sri Lanka because, at present, in Sri Lanka, the price of one kilogram of rice is Rs. 290; the price of one kilogram of sugar is Rs. 290; and the price of 400 grams of milk powder is Rs. 790.

The Sri Lankan Government has postponed school exams indefinitely due to paper shortage.

It is a humanitarian crisis there. I request the Union Government to send food materials to the Tamil brothers and sisters and stand with them in the hour of crisis and help the Tamil Nadu Government which is making efforts to help the refugees who are reaching here.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा) : सभापति महोदय, मेरे क्षेत्र से जुड़ी हुई रेलवे पैसेंजर्स की एक समस्या है। पहले शहीद एक्सप्रेस करके एक ट्रेन चलती थी, जो कि अमरोहा-हापुड़-गाजियाबाद होकर आती थी, वह आजकल बंद है। मेरी मांग है कि उस ट्रेन को चलाया जाए। जो एमएसटी के पैसेंजर्स हैं, उनको एमएसटी दिया जाए।...(व्यवधान) मेरी मांग रेलवे से संबंधित है।

महोदय, मैं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी कोर्ट का मेंबर हूं, वहां के 10,000 से भी ज्यादा छात्र जो कि ईस्टर्न यूपी से आते हैं, उनकी मांग है कि गोरखधाम एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12555 और 12556) और हमसफर एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12571 और 12572) जो कि गोरखपुर से आनंद

विहार टर्मिनल जाती है, उनका स्टॉपेज़ अलीगढ़ सिटी में करना चाहिए, क्योंकि वहां लगभग 10 से 12 हजार रेजिडेंशियल स्टूडेन्ट्स हैं, वे बहुत दिनों से इसकी मांग कर रहे हैं। वाइस चांसलर ने भी लिखकर भेजा है और रजिस्ट्रार ने भी लिखकर भेजा है, अतः आपके माध्यम से मेरी सरकार से मांग है कि उन ट्रेनों का स्टॉपेज़ वहां पर दिया जाए।

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं।

महोदय, मैं आपका ध्यान देश की महिलाओं के संबंध में एक विशेष विषय पर आकर्षित करना चाहती हूं। देश में विधवाओं एवं 58 वर्ष से अधिक की उम्र की महिलाओं को वृद्धा पेंशन तथा विधवा पेंशन मिलती है, लेकिन देश में ऐसी बहुत सी महिलाएं हैं, जो शादीशुदा नहीं हैं, लेकिन उनके परिवार में उनके अलावा कोई नहीं है। अगर ऐसी महिलाओं को चिन्हित करके एवं 40 वर्ष की उम्र के बाद उनके लिए पेंशन की व्यवस्था की जाए, तो देश की ऐसी लाखों महिलाओं को अपना जीवन जीने में काफी सहायता मिलेगी।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में ही ऐसी बहुत सी महिलाएं हैं, जिनके परिवार में अब कोई भी जीवित नहीं है एवं उनके परिवार वालों ने उनको अलग कर दिया है। शहरी क्षेत्रों में तो ऐसी महिलाएं अपने जीवनयापन के लिए नौकरी कर लेती हैं। परंतु ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं आज भी नौकरी नहीं कर पाती हैं। अतः मेरा आपसे निवेदन है कि ऐसी महिलाएं जो कि शादीशुदा नहीं हैं एवं उनके परिवार में उनके अलावा कोई भी नहीं है, ऐसी महिलाओं को 40 वर्ष की उम्र के बाद उनकी आजीविका के लिए 1,000 रुपये अथवा जो भी धनराशि स्वीकृत हो, उनके लिए पेंशन की व्यवस्था की जाए, जिससे वे अपना जीवनयापन कर सकें।

SHRIMATI NAVNEET RAVI RANA (AMRAVATI): Sir, around 30 stock brokers were declared defaulters, who are registered and monitored by the NSE, in a span of around 20 months.

More than Rs. 7,500 crore investors' money is lost in these defaults. Karvy Stock Broking and Anugrah Stock Broking have done major scams and no real efforts are made by the NSE.

When the brokers could not pay the dues of the clients because of their misappropriation and illegal actions, the NSE declared them defaulters. Such brokers have no funds in their account which in fact could have been noticed during the inspection by the NSE.

Sir, the NSE has made whopping profits and a revenue of more than Rs. 2,000 crore as per their annual report and wants to come out with an IPO which was held up till now because of the SEBI Order to restrain and disgorgement of around Rs. 750 crore in the scam at NSE.

I just wanted to request a few things in this. Stock exchange is not above the law but is still given protection and no investigative agencies have questioned NSE including SEBI.

I just want that an investigation must be ordered against the National Stock Exchange to check why such lapses over and over again have been found only with the NSE brokers and ascertain if the NSE officials are really concerned about investors. The investigation must look into this carelessness and find out if the NSE is indirectly permitting such activities of the brokers.

श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग): सभापति जी, आपने मुझे बोलने के लिए मौका दिया, उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा विषय बहुत बड़ा और गंभीर है, लेकिन मेरा आपसे वादा है कि मैं इसको एक मिनट में कंपलीट करूंगा।

सभापति महोदय, गोरखाओं में 11 जातियां हैं, जिनका मैं नाम लूंगा। इन जातियों के नाम मगर, राय, सुनार, याख्खा, गुरुंग, नेवार, खस, धिमाल, जोगी, थामी तथा भूजेल हैं। ये 11 जनजातियां एसटी स्टेटस में अभी छूटी हुई हैं और ऑरिजनली सारे गोरखा हिल ट्राइब के नाते एज ए एसटी जाने जाते थे। उनके लिए हमारी सरकार ने भी वादा किया है इसलिए मैं चाहता हूँ कि यह काम जल्दी से जल्दी होना चाहिए।

दूसरा, गोरखा होने के नाते मुझे इस सदन से न्याय चाहिए। मुझे अपनी माँ चाहिए और अपना घर चाहिए। हिन्दुस्तान में रहने वाले डेढ़ करोड़ गोरखाओं को उनकी पहचान चाहिए। मैं इतिहास पर नहीं जाऊंगा कि गोरखाओं का क्या योगदान है। यहां पर असम के पूर्व मुख्य मंत्री जी भी मौजूद हैं। इन्होंने गोरखाओं को लेकर बहुत काम भी किया है, लेकिन जो पश्चिम बंगाल की स्थिति है, वह बहुत ही विकट है और आए दिन उनको विदेशी बोलकर उन पर लांछन लगाया जाता है, जो कि बहुत ही दुखद है। हमने कहा था कि हम स्थायी राजनीतिक समाधान करेंगे और इस भारत के संविधान के अंतर्गत करेंगे। मैं चाहता हूँ कि यह काम जल्दी से जल्दी हो, क्योंकि जनता में निराशा का माहौल छाया हुआ है।

DR. DNV SENTHILKUMAR S. (DHARMAPURI): Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me this opportunity.

I would to like raise an issue with regard to the plight of the medical graduates from foreign universities. After completion of their degree from a foreign university, these students have to undergo Foreign Medical Graduation Examination (FMGE) and subsequently mandatory rotating medical internship. As per recent Gazette notification by the National Medical Council, period of completion of internship has to be within two years of passing the FMGE. The major issue here is that the current intake of FMGE interns is 7.5 per cent which is very less in respect of the State of Tamil Nadu. Due to this less intake,

more than 580 FMGE students in Tamil Nadu are awaiting their due internship even after clearing FMGE. The hon. Chief Minister of Tamil Nadu also raised this issue in a memorandum submitted to the Union Health and Family Welfare Minister on 12.1.2022 requesting for enhancement of the intake capacity from 7.5 per cent to 20 per cent every year as adequate infrastructure facility is available in Tamil Nadu.

Sir, I urge upon the Health Ministry to bring in suitable amendments which would enable inclusion of district headquarter hospitals and enhance the intake capacity from 7.5 per cent to 20 per cent and also expedite the process. The Government has issued a Circular on 4th March, 2022 that all States will help in completing the CRMI within two years of passing the examination.

Thank you.

श्री राहुल रमेश शेवाले (दक्षिण-मध्य मुम्बई): सभापति जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने के लिए समय दिया, उसके लिए धन्यवाद। मैं अपने संसदीय क्षेत्र दक्षिण-मध्य मुंबई के सायन कोलीवाड़ा में हुई एक गंभीर घटना की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। 25 जनवरी, 2021 को श्री विजय रामकिशोर जायसवाल और उनके पड़ोसी श्री आलोक कुमार रामप्रवेश राम चंद्रवंशी के दो छोटे बच्चे सीजीएचएस कॉलोनी सेक्टर 7 बिल्डिंग नं. 43, सायन कोलीवाड़ा के पार्क में खेल रहे थे। तभी दोनों बच्चे एक बड़े गड्ढे में गिर गए और उनकी मौत हो गई। सीपीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर जोन 3, ठेकेदार बालू दुराइकानु तेवर और सुपरवाइजर मोहन कप्पू तेवर को उनके माता-पिता और वहां मौजूद लोगों ने जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यह घटना उनकी लापरवाही के कारण हुई है। परिजनों ने उनके खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करायी है। अगले दिन इस घटना के बारे में पता चलने के बाद, मैंने चीफ इंजीनियर जोन 3 (सीपीडब्ल्यूडी) को फोन किया और मामले को गंभीरता से जांच कराने के लिए

कहा। उन्होंने मुझे मृतक बच्चों के माता-पिता को कुछ कंपनसेशन देकर उनकी मदद करने का आश्वासन दिया। चीफ इंजीनियर जोन 3 ने क्षेत्र के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर जोन 3 को घटना की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने आज तक मामले की जांच नहीं की है। जब भी माता-पिता उसके या ठेकेदार के पास जाते हैं तो वे उन्हें अनदेखा कर देते हैं या मिलने से मना कर देते हैं। ठेकेदार की रक्षा करने वाले एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दो छोटे बच्चों की मौत के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है। अत: आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त मामले की पूरी इंक्वायरी करें और जिन अधिकारियों की लापरवाही की वजह से यह घटना हुई है, उन पर कार्रवाई करें।

श्री विजय बघेल (दुर्ग): सभापति महोदय, धन्यवाद। मेरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में राजधानी रायपुर में स्थित कुष्ट अनुसंधान केन्द्र में ना केवल छत्तीसगढ़, अपितु छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती राज्य जैसे ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश के अलावा भी अन्य राज्यों से कुछ रोगी अपने इलाज हेतु आते हैं।

उक्त अनुसंधान केन्द्र मध्य भारत का एक बृहत् कुष्ठ अनुसंधान केन्द्र है। वर्तमान में उक्त केन्द्र में ऑपरेशन थिएटर को विकसित किए जाने की मांग, माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी के समक्ष रखता हूं।

DR. KALANIDHI VEERASWAMY (CHENNAI NORTH): Sir, the Sri Lankan Tamils have been suffering for several decades due to oppression by the Sinhalese Government. They have been oppressed wherein during the war also, several lakhs of people died and subsequently, as they were planning to recover, there was pandemic. Now, they have an economic debacle where the Sri Lankan Government has been supported by the Government of India by providing a financial aid of 1.5 billion dollars. Despite that, due to the rise in inflation there, the Sinhalese people are discriminating against the Tamils

because of which several Tamils are coming to Tamil Nādu. Our hon. Chief Minister has also written to the Union Minister to help us in aiding these people.

There are already more than a lakh of refugees who have come. For them, we want the Citizenship Amendment Act to be brought in so that these people can be given citizenship.

I would also like an emergency visa to be provided for the present people or some kind of a visa on arrival may be provided to them which will help them in settling down better here.

श्रीमती संध्या राय (भिंड): धन्यवाद, सभापति महोदय। मैं आपके माध्यम से माननीय आयुष मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र के भिंड और दतिया जिलों की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। इन दोनों जिलों में 22 लाख से ज्यादा आबादी है। आयुष मंत्रालय के तहत देश भर में तमाम आयुष केन्द्र खोले गए हैं, जिनसे लाखों लोगों को लाभ मिल रहा है एवं भारत सरकार पूर्ण रूप से आयुर्वेद को बढ़ावा भी दे रही है। वर्तमान में मेरे लोक सभा क्षेत्र के दोनों जिलों – भिंड और दतिया में एक भी आयुष केन्द्र नहीं खोला गया है। जनसम्पर्क के दौरान आयुष केन्द्र खोले जाने का अनुरोध मेरी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं जनता जर्नादन द्वारा लगातार मुझसे किया जा रहा है।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय आयुष मंत्री जी से निवेदन करती हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के दोनों जिलों – भिंड और दतिया में जल्द से जल्द आयुष केन्द्र खोले जाने की कृपा करें।

श्रीमती कविता सिंह (सिवान): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सिवान की तरफ आकृष्ट करना चाहती हूं। कोविड महामारी के पूर्व निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव मेरे संसदीय क्षेत्र सिवान के जीरादेई स्टेशन, मैरवा स्टेशन और सिवान स्टेशन पर होता था, जो फिलहाल बन्द है और उसे पुन: शुरू किया जाए – ट्रेन संख्या 15027-15028 मौर्य एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 14185-14186 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 15105-15106

छपरा-नौतनवा इंटरसिटी ट्रेन। इन ट्रेनों का ठहराव मैं माननीय रेल मंत्री जी से सिवान के विभिन्न स्टेशनों पर कराना चाहती हूं।

महोदय, मेरा आग्रह है कि उन ट्रेनों का ठहराव जीरादेई स्टेशन, मैरवा स्टेशन और सिवान स्टेशन पर कराया जाए। साथ ही, मैं कहना चाहती हूं कि दो साल पूर्व रेल मंत्रालय द्वारा बिहार सरकार की अनुमति से समपार संख्या 91, सिसवान-सिवान ढाला, पर आरओबी के निर्माण के लिए स्वीकृति मिली थी, लेकिन अभी तक रेलवे के अधिकारियों और बिहार सरकार के अधिकारियों के बीच 'लेटर-लेटर खेल' हो रहा है। इस पत्राचार को बन्द किया जाए और पुन: टेंडर करवाकर, उसे बनवाने की कृपा की जाए। मैं बहुत-बहुत आभारी हूं।

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय सभापति महोदय, हिन्दी राजभाषा और स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 1963 में राजभाषा अधिनियम बनाया गया था और वर्ष 1976 में यह नियम लागू किया गया था। राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के अधीन आता है, और माननीय गृह मंत्री जी इस समिति के अध्यक्ष हैं।

महोदय, आज भी केन्द्र सरकार के कई मंत्रालय राजभाषा अधिनियम के अनुसार कार्य के लिए हिन्दी भाषा का उपयोग नहीं करते हैं। कई मंत्रालयों को यही पता नहीं है कि राजभाषा और स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने हेतु किसी समिति को गठित किया गया है। आज अगर केन्द्र सरकार के कई मंत्रालयों में देखा जाए तो अंग्रेजी का उपयोग अधिकतम किया जाता है। राजभाषा विभाग के अधिकतम कर्मचारी, जो हिन्दी में कार्य करते हैं, उनके पद रिक्त हैं और उनकी संख्या भी कम है। राजभाषा विभाग पर अगर केन्द्र सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है तो हिन्दी और विभिन्न राज्यों की स्थानीय भाषाएं खत्म हो जाएंगी। जबकि माननीय प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी खुद हिन्दी में अपनी बात करते हैं और हिन्दी में व्यवहार करते हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि केन्द्र सरकार सभी मंत्रालयों को राजभाषा अधिनियम के तहत ज्यादा से ज्यादा हिन्दी भाषा का प्रयोग करने हेतु निर्देश प्रदान करे।

SHRI SAPTAGIRI SANKAR ULAKA (KORAPUT): Thank you, Chairman, Sir, for giving me this opportunity. Sir, Jeypore is one of the largest cities in southern Odisha. It is a very important city. We have been demanding for establishing a Kendriya Vidyalaya at Jeypore. I raised this demand in the House seven/eight times.

After much difficulty and support from the Central Government and the District Administration, finally the safety certificate has been issued so that a temporary building can be established in Jeypore.

I would also like to request the hon. Minister, Shri Dharmendra Pradhan, through you, who is also from Odisha to start the admission in Kendriya Vidyalayas from this academic year. We have reached at this stage after much struggle where all the formalities have been completed. The State Government and the district administration have already supported it.

Therefore, my humble request to Shri Dharmendra Pradhan, through you, is to start the admission in Kendriya Vidyalayas in this academic year. Thank you.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : सभापति महोदय, धन्यवाद। मैं आपके मार्फत मेरे लोक सभा क्षेत्र चुरू के अंदर रेलवे की नई वॉशिंग लाइन के बारे में ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। चुरू क्षेत्र जयपुर और दिल्ली से 250 किलोमीटर की दूरी पर पड़ता है। चुरू के नजदीक जितनी भी वॉशिंग लाइन्स हैं, वह चाहे बीकानेर में हो, चाहे गंगानगर में हो, चाहे हिसार में हो, उनकी सौ परसेंट कैपेसिटी यूटिलाइज हो चुकी है। हमें लंबी दूरी की ट्रेनें इस कारण से नहीं मिल पाती हैं, क्योंकि हमारे एरियाज़ के अंदर वॉशिंग लाइन की कैपेसिटी एग्जोस्ट हो चुकी है।

मेरा आपके द्वारा रेल मंत्रालय से यह निवेदन है कि चुरू या रतनगढ़ के अंदर मेरे लोक सभा क्षेत्र में न्यू वॉशिंग लाइन बनाई जाए, ताकि हमें लॉन्ग डिस्टेंस की ट्रेन्स मिल सकें। जो कैपेसिटी यूटिलाइजेशन पूरा हो चुका है, उसको मद्देनजर रखते हुए, टॉप मोस्ट प्रायरिटी के अंदर चुरू या रतनगढ़ में न्यू वॉशिंग लाइन दी जाए।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य प्रहर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा नवंबर, 2008 से एक काफी महत्वाकांक्षी जन औषधि केन्द्र की शुरुआत की गई थी और अब तक देश भर में करीब 8,012 जन औषधि केन्द्र खोले जा चुके हैं। इन जन औषधि केन्द्रों में जेनेटिक सस्ती दवाइयां मरीजों को आसानी से प्राप्त होती हैं। करीब 1,415 कंपनियों की दवाइयां और 300 प्रकार के सर्जिकल आइटम्स इन केन्द्रों पर उपलब्ध रहते हैं।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा में बुद्धा पावापुरी मेडिकल कॉलेज, है, सदर अस्पताल भी है और कई प्राइवेट क्लिनिक भी हैं, फिर भी हमारे संसदीय क्षेत्र में एक भी जन औषधि केन्द्र नहीं है। मैं स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा में जन औषधि केन्द्र खुलवाने की कृपा करें।

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर) : सभापति महोदय, धन्यवाद। मेरे लोक सभा क्षेत्र श्रीगंगानगर में हनुमानगढ़ जिला है। मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करूंगा कि वह सीमावर्ती क्षेत्र है तो वहां एक वॉशिंग लाइन और सोलर ऊर्जा पैनल की बहुत आवश्यकता है। मैंने इसके लिए पहले भी रिक्वेस्ट की थी। यह क्षेत्र रेलवे के हब के रूप में विकसित हो सकता है। हमारे यहां से भटिण्डा जंक्शन 80 किलोमीटर दूर है और श्रीगंगानगर भी 80 किलोमीटर दूर है। यहां पर रेलवे में वॉशिंग लाइन की बहुत जरूरत है, ताकि उस जिले से काफी पैसेंजर ट्रेन्स चलाई जा सकें।

महोदय, वर्ष 1998 में तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने हनुमानगढ़, रावतसर, पल्लू और सरदारशहर के लिए एक नई रेल लाईन की घोषणा की थी, जो आज तक पूरी नहीं हुई है। उसका हर साल सर्वे हो जाता है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करूंगा

कि इस बजट में वह रेल लाइन, जिसकी माननीय प्रधान मंत्री श्री अटल जी ने घोषणा की थी, उसको पूरा किया जाए। हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर एक वॉशिंग लाइन बनाई जाए। वहां पर करीब 300 एकड़ जमीन पड़ी है, उस पर सोलर प्लांट बनाया जाए। मैं यह आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं।

18.00hrs

SHRI KURUVA GORANTLA MADHAV (HINDUPUR): Mr. Chairman, Sir, my submission is regarding farmers. Please allow me not less than three minutes.

Sir, I would like to bring to your kind attention that the Government of Andhra Pradesh requires urgent Environmental Clearance for the Rayalaseema Lift Irrigation Project. During June, 2020, the Government of Andhra Pradesh announced the Rayalaseema Lift Scheme to facilitate the Rayalaseema region to stabilise irrigation and drinking water. The announced scheme is within the purview of Krishna Water Dispute Tribunal Award, that is, out of total 811 TMC water, 512 TMC water would be given for Andhra Pradesh and 299 TMC water would be given for Telangana. The scheme is within the purview of 2006 notification of the Ministry of Environment and Forests. During September, 2020 also, the National Green Tribunal pronounced that Environmental Clearance is required for the scheme. After that, the hon. Chief Minister of Andhra Pradesh addressed a letter to the hon. Minister of Environment and Forests to consider the expert committee's opinion. During June, 2021, the Government of Andhra Pradesh approached the Ministry of Environment and Forests for an amendment to the existing Environmental Clearance. Based on this application, the Environmental Assessment

Committee, in its June, 2021 meeting, discussed the topic and issued minutes asking some clarifications. The Government of Andhra Pradesh has submitted clarifications on this. So, I request the Central Government to kindly grant Environmental Clearance to the Rayalaseema Lift Irrigation project at the earliest.

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, now it is already 6 o'clock. The Speaker has directed to adjourn the House by 6 o'clock. But five or six Members want to make their submissions. If everybody agrees, let us extend the time of the House till their submissions are over. Then, there is also a statement to be made by the Minister of Ayush. After his statement, we will again take up 'Zero Hour' submissions.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

HON. CHAIRPERSON: The time of the House is extended.

———

18.01 hrs

STATEMENT BY MINISTER

Establishment of WHO Global Centre for traditional medicine in Jamnagar, Gujarat

HON. CHAIRPERSON: Now, the hon. Minister will make the statement.

THE MINISTER OF PORTS, SHIPPING AND WATERWAYS AND MINISTER OF AYUSH (SHRI SARBANANDA SONOWAL): Mr. Chairman, Sir, today there is a very good news for the people of the country.

As you all know, regarding the establishment of WHO Global Centre for Traditional Medicine in Jamnagar, Gujarat, the hon. Director General, World Health Organisation, in the presence of the hon. Prime Minister, announced the establishment of Global Centre for Traditional Medicine in India on the occasion of the 5th Ayurveda Day on 13th November, 2020. On 9th March, 2022, the Union Cabinet approved signing and ratification of the Host Country Agreement between the Ministry of Ayush, Government of India and the World Health Organisation for establishment of WHO GCTM to be located at Jamnagar, Gujarat. Today, that moment has come. Today, the Host Country Agreement is to be signed by the Secretary (Ayush), Government of India and Dr. Tedros Adhanom Ghebreyesus, the hon. Director General, WHO on 25th March, 2022 at WHO Headquarters, Geneva, Switzerland in a formal event hosted by WHO.

So, this is a great news for the practitioners, healers and the stakeholders of the Ministry of Ayush as well as the Ayush industry. The

traditional system of medicine has not only won the hearts of the people of the country, but also has won the hearts of the people of the whole world. This is a great achievement of the Government headed by Shri Narendra Modi and I believe this House should appreciate and specially thank our hon. Prime Minister Shri Narendra Modi for this outstanding achievement for the people of the country.

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): माननीय सभापति महोदय, अनुसूचित जाति की सूची में 'बाछड़ा' जाति का नाम दर्ज है। मध्य प्रदेश में इस जाति के लोगों की मांग है कि उन्हें इस जाति के नाम से नहीं पुकारा जाए, बल्कि इन्हें किसी अन्य नाम से पुकारा जाए। इस जाति के लोग सम्मान के साथ मेहनत करते हैं, मजदूरी करते हैं, खेती करते हैं। इसके साथ ही इस जाति के लोग सरकार के कर्मचारी और अधिकारी भी हैं। ये पंच और सरपंच भी हैं। इनको इस नाम से पुकारे जाने के कारण इनकी बेटियों के रिश्ते नहीं हो पा रहे हैं, इनके बच्चों को स्कूलों में हीन भावना से देखा जाता है। इस जाति के पुरुष लोग सार्वजनिक रूप से अपमानित होते हैं, महिलाएं घरों से निकल नहीं पाती हैं क्योंकि इनको हीन दृष्टि से देखा जाता है।

इसलिए इन लोगों की मांग है कि अनुसूचित जाति की सूची में जो 'बाछड़ा' शब्द लिखा हुआ है, उसे हटाकर उसके स्थान पर दूसरा शब्द जोड़ा जाए।

श्री अब्दुल खालेक (बारपेटा): माननीय सभापति महोदय, असम के पंचायत और ग्रामीण विकास कमिश्नर ने प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण को लेकर गत् 15 मार्च को एक पत्र भेजा है। वहाँ के सभी जिला परिषदों के चीफ एक्जिक्युटिव ऑफिसर्स और जिला ग्रामीण विकास अधिकरण के जितने प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स हैं, सबको पत्र भेजा गया है, जिसका नम्बर CPRD/PMAYG/111/2021/4 Dated: 15 March, 2022. उसमें लिखा है कि सरकार ने वर्ष 2020-21 में 7 लाख एडिशनल घरों का सैंक्शन दिया है। इससे संबंधित रजिस्ट्रेशन और जिओ टैगिंग के काम को जल्दी खत्म करने के लिए आदेश दिया गया है। लेकिन दुख की बात यह है कि तीन जिलों को छोड़कर, जिसमें एक मेरा जिला भी है, यहाँ पर असम के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान के शिपिंग मिनिस्टर भी मौजूद हैं। ये बारपेटा जिले का बहुत दौरा करते हैं, यह उनका गुरुधाम भी है। वह जिला, धुबरी, दक्षिण सालमारा-मानकाछर जिले को छोड़कर बाकी जिलों में करने दिया।

ये तीनों पिछड़े जिले हैं। इनमें भी जल्दी रजिस्ट्रेशन और जिओ टैगिंग करना चाहिए था, लेकिन पता नहीं क्यों इनको ड्रॉप किया गया, यह मैं जानना चाहता हूँ।

माननीय सभापति : आपकी मांग है कि उन जिलों को भी इनक्लूड करना चाहिए।

श्री अब्दुल खालेक : जी हाँ, उनको भी इनक्लूड करना चाहिए।

असम में बहुत-से कच्चे घर हैं, जिनके रूफ्स में टीन हैं और दीवारें भी टीन की हैं। वे कच्चे घर भी पक्के घर में शामिल होने चाहिए। मेरी यही गुजारिश है।

श्री रमाकान्त भार्गव (विदिशा): माननीय सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र विदिशा, मध्य प्रदेश के भोजपुर विधान सभा के शहर ओबैदुल्लागंज स्टेशन पर कोरोना के पूर्व आठ ट्रेन्स रुकती थीं, जहाँ से स्थानीय यात्रीगण लम्बी दूरी की यात्रा करते थे। कोरोना महामारी होने से उक्त ट्रेन्स का संचालन बंद हो गया था। वर्तमान में कोरोना का प्रकोप लगभग समाप्त हो गया है और बहुत-सी ट्रेनों का संचालन भी प्रारम्भ हो गया है। किन्तु ओबैदुल्लागंज स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं होने के कारण भोपाल आने-जाने वाले यात्रीगण असुविधा महसूस कर रहे हैं।

आपके माध्यम से, मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि ओबैदुल्लागंज स्टेशन से कोरोना के पूर्व चलने वाले सभी ट्रेनों के स्टॉपेज यथावत किये जाएं। इसके साथ ही, बुधनी में भी पूर्व से चल रही इंदौर-छिंदवाड़ा पंचवेली फास्ट पैसेंजर का स्टॉपेज यथावत किया जाए। मेरा यही अनुरोध है।

श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन): माननीय सभापति जी, मेरे लोक सभा क्षेत्र खरगौन-बड़वानी के छात्रगण- श्री मनीष कुशवाह, कुमार मानसी ठकेता, प्रतीक पाटीदार, तुषार यादव, राजेन्द्र पटेल, चेतन गुप्ता, दक्ष ठाकुर, आशीष चौधरी, राहुल परमार, प्रखर चोकड़े, मानस राठौर, सृष्टि यादव, ध्रुव गुप्ता, विवेक निरगुडे और ऐसे अनेक छात्र जो यूक्रेन में पढ़ते थे।

देश के प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जो ऑपरेशन गंगा अभियान चलाया, उसमें इस प्रकार के हमारे 22 हजार से भी ज्यादा छात्रों को वापस लाने का उन्होंने प्रयास किया जिसके कारण ये छात्र भारत लौटे हैं।

इसके लिए मैं पूरे देश की ओर से माननीय प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं। मैं उनके सहयोगी मंत्रीगण आदरणीय श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया जी, माननीय किरेन रिजीजू जी, डॉ. वी.के. सिंह जी और माननीय श्री हरदीप सिंह पुरी जी का भी आभार व्यक्त करता हूं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो बच्चे वहां पढ़ते थे, वे प्रथम वर्ष में थे, द्वितीय वर्ष में थे और थर्ड ईयर में थे। इन बच्चों की पढ़ाई अवरुद्ध हुई है, इसलिए इन बच्चों की आगे की पढ़ाई भारत सरकार कराए। मैं यह निवेदन आपके माध्यम से सरकार से करना चाहता हूं।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) : माननीय सभापति महोदय आपका धन्यवाद।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर (टाटा) के अंतर्गत शहर की परिधि पर स्थित बस्तियों के साथ-साथ प्रकाश नगर, घोड़ाबांधा एवं बागबेड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की भारी किल्लत होने के कारण यहाँ की जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के दिनों में स्थिति और भयावह हो जाती है।

महोदय, मैं विशेषकर बागबाड़ा एवं छोटा गोविन्दपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ। इस जलापूर्ति योजना का शिलान्यास 18 अप्रैल, 2015 को हुआ था। इसे लगभग 237.21 करोड़ रूपए की लागत से वर्ष 2015 में वर्ल्ड बैंक के फंड से शुरू की गयी थी। इसमें वर्ल्ड बैंक की 50 प्रतिशत, केन्द्र सरकार की 33 प्रतिशत, राज्य सरकार की 16 प्रतिशत एवं आम जनता की एक प्रतिशत की हिस्सेदारी थी।

उक्त योजना को वर्ष 2018 में पूर्ण होना था, 217 करोड़ रूपए खर्च भी हो चुके हैं, छोटा गोविन्दपुर योजना से जनता को पानी भी मिलने लगा है, परंतु बागबाड़ा की योजना अभी तक अधूरी है। एजेंसी ने बिल एवं जीएसटी मद में बकाया राशि की मांग को लेकर साल भर से कार्य को बंद कर रखा है।

उक्त योजना के निर्माण का कार्य देश की प्रतिष्ठित कंपनी आईएलएफएस को दिया गया था। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए 26 जून, 2018 तक का समय दिया गया था। इस कम्पनी ने 75 प्रतिशत कार्य कर लिया है तथा अपनी आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण 25 प्रतिशत कार्य पूरा

नहीं किया है, जिसके कारण इंटकवेल एवं खरकई नदी पर पुल, पाईप लाइन एवं 20 हजार से अधिक घरों में कनेक्शन देने का काम रूका हुआ है और उक्त योजना चालू नहीं हो पाई है।

उक्त योजना विभिन्न कारणों से बाधित होने के कारण वहाँ के लोग बाध्य होकर जलापूर्ति योजना को जमीन पर उतारने के लिए राज्य एवं केन्द्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए जमशेदपुर से राज्य की राजधानी रांची तथा दिल्ली तक की पदयात्रा 21 मार्च, 2022 से शुरू की है।

अतः महोदय आपके माध्यम से माननीय मंत्री जल शक्ति मंत्रालय से अनुरोध करता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी की महत्वकांक्षी 'हर घर नल योजना' के माध्यम से वर्ष 2024 तक हर घर तक जल पहुंचाने के लक्ष्य को पूर्ण करने के तहत इस योजना का त्वरित संज्ञान लेकर पूर्ण कराने की कृपा की जाए।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना) : धन्यवाद सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गुना के अंतर्गत गुना, शिवपुरी व अशोक नगर, तीनों जिलों में वन क्षेत्रफल काफी ज्यादा है। यहां अनेक प्रकार की वनौषधियां पाई जाती हैं। इसके साथ-साथ अश्वगंधा और गिलोय की खेती भी होती है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में स्थानीय लोग, जिनमें आदिवासी समुदाय भी शामिल है, अनेक वर्षों से इन वनौषधियों का प्रयोग विविध बीमारियों के उपचार में परम्परागत तरीके से करते आ रहे हैं।

इनकी गुणवत्ता व उपलब्धता को देखते हुए मेरा आपके माध्यम से सरकार से और माननीय आयुष मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में आयुष मंत्रालय के माध्यम से इन वनस्पतियों पर संशोधन हेतु एक आयुष रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किया जाए, जिससे इन आयुष औषधियों की मैनुफैक्चरिंग को बढ़ावा मिले और इनका व्यापक इस्तेमाल हो सके एवं क्षेत्र के लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हों। धन्यवाद।

श्री दुर्गा दास उइके (बैतूल): माननीय सभापति जी, आपने शून्य काल में लोक हित के मुद्दे को सदन के पटल पर रखने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

माननीय सभापति जी, मेरा लोक सभा क्षेत्र परिवहन की दृष्टि से पिछड़ा है। मेरे आदिवासी क्षेत्र में रेल मार्गों की आवश्यकता है, जिसके लिए क्षेत्र की जनता लम्बे समय से मांग कर रही है। मैं इसके लिए भारत सरकार से प्रार्थना करूंगा। मैं बैतूल से चिचौली, भीमपुर, नांदा, कुनखेड़ी, दामजीपुरा होते हुए बुरहानपुर-खंडवा नवीन रेल लाइन से जोड़ने हेतु अनुरोध करता हूं। वहीं बैतूल बाजार, चांदुर बाजार, अमरावती तक नवीन रेल लाइन प्रस्तावित है। इसका कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने हेतु माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र प्रार्थना करता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिंद, जय भारत।

LIST OF MEMBERS WHO HAVE ASSOCIATED THEMSELVES WITH THE ISSUES RAISED UNDER MATTERS OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

सदस्य, जिनके द्वारा अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय उठाये गये।	**सदस्य, जिन्होंने उठाए गए विषयों के साथ स्वयं को सम्बद्ध किया।**
Shri Rahul Kaswan Shri Abdul Khaleque Shri Shankar Lalwani Shri Durga Das Uikey Shri Kaushlendra Kumar Shri Ramakant Bhargava Shri Bidyut Baran Mahato Shri Nihal Chand Chouhan Shri Saptagiri Sankar Ulaka Shri Krishnapalsingh Yadav	Shri Kuldeep Rai Sharma

Shri Kuruva Gorantla Madhav Shri Gajendra Umrao Singh Patel	
Shri Gaurav Gogoi Shri Ravneet Singh Shri Ve. Vaithilingam Shri B. Manickam Tagore Dr. Kalanidhi Veeraswamy	Dr. DNV Senthilkumar S.
Shri Shrirang Appa Barne	Shri Rahul Ramesh Shewale

HON. CHAIRPERSON: The House stands adjourned to meet on Monday, the 28th March, 2022, at 11 a.m.

18.13 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, March 28, 2022 / Chaitra 7, 1944 (Saka).

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in

http://www.loksabha.nic.in

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business
in Lok Sabha (Sixteenth Edition)